
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 346 | ग्वालियर, 12 अक्टुबर गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## न्यूज ट्रैक

### प्लेटफॉर्म करेगा युवाओं का सपना पूरा, मोदी सरकार करेगी लॉन्च



अनुराग ठाकुर ने बताया कि देश-विदेश के करोड़ों युवा माई भारत प्लेटफॉर्म पर जुड़ेंगे. यह प्लेटफॉर्म भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महती भूमिका निभाएगा. इसके माध्यम से युवा अपने सपनों को पंख लगा सकेंगे. वो अपनी आकांक्षाओं को पूरा कर सकेंगे. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि माई भारत प्लेटफॉर्म लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती यानी 31 अक्टूबर को देश के समर्पित कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि माई भारत प्लेटफॉर्म भारत के वर्तमान और भविष्य को ध्यान में रखकर लाया गया है. केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश में 15 से 19 साल के बीच लगभग 40 करोड़ युवा हैं. केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मेरा युवा भारत युवाओं को अवसर तलाशने का एक बड़ा माध्यम बनेगा. युवा एक्सपीरिएंशिएल लर्निंग के लिए इस प्लेटफॉर्म पर कनेक्ट हो सकेगा. इस प्लेटफॉर्म का प्राथमिक उद्देश्य युवाओं के लिए इनोवेशन और आकांक्षाओं को पूरा करने में योगदान को बढ़ावा देना है.

### क्या भारत में बढ़ने वाले हैं पेट्रोल-डीजल के दाम? जानें पेट्रोलियम मंत्री का जवाब




इजराइल-हमास में जारी जंग से भारत समेत पूरी दुनिया के हित प्रभावित होने की आशंका उभर आई है. माना जा रहा है कि इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध से दुनिया एक बार फिर आर्थिक संकट के भवंर में फंस सकती है, जिससे निकलने में काफी समय लग सकता है. माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच जारी जंग से सप्लाई चेन बाधित होने की आशंका है, जिसका सबसे ज्यादा असर पेट्रोल और डीजल के दामों पर पड़ सकता है. ऐसे में भारत में आने वाले समय में पेट्रोल और डीजल के दामों में बेतहाशा बढ़ोतरी की संभावना बनी हुई है. अगर ऐसा हुआ है, इसका पूरे देश की इकॉनमी पर व्यापक असर पड़ेगा. इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव की अटकलों पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो वैश्विक आर्थिक सुधार के प्रयासों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा. यदि आपूर्ति लाइनें बाधित नहीं होती हैं, तो उम्मीद है कि हम हर चीज से निपटने में सक्षम रहेंगे. इसे हम वास्तविक समय के आधार पर देख रहे हैं और मुझे विश्वास है कि भारत उपलब्धता और अन्य कारकों पर ध्यान देगा.आपको बता दें कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में पेट्रोल और डीजल की बड़ी भूमिका होती है. क्योंकि ईंधन के दाम बढ़ने से माल-ढुलाई का खर्च बढ़ जाता है. जिसका असर रोजमर्रा की चीजों पर पड़ता है. रोजमर्रा की चीजों के भाव बढ़ जाते हैं और महंगाई आसमान भाव छूती है.

### राहतः इन वजहों से दालों और सब्जियों की घटी कीमत, जानें कितना कम हुआ दाम

**नई दिल्ली।**त्योहारी सीजन शुरू होते ही घरों के सामान खरीदने की जरूरते बढ़ जाती है. तो आपके लिए यह राहत भरी खबर है. दुर्गा पूजा और दिवाली से ठीक पहले महंगाई के मोर्चे पर राहत भरी खबरआई है. पिछ्ले एक महीने के दौरान विभिन्न दालों के दाम कम हुए हैं. दालों की कीमत पर सरकार ने कई कदम उठाए हैं. इससे विभिन्न दालों के दाम में सस्ती हुई हैं. हालांकि, दालों के दाम में ज्यादा कटौती नहीं हुई. थोड़ी सी राहत मिली है. बीते एक महीने में दालों की कीमतों में 4 फीसदी तक की गिरावट आई है.अंग्रेजी अखबार की एक रिपोर्ट में इंडियन पल्सेज एंड ग्रेन्स एसोसिएशन के हवाले से ये जानकारी दी गई है. आईपीजीए की मानें तो बीते एक महीने के दौरान दालों के दाम 4 फीसदी तक कम हुए हैं. ट्रेड बॉडी का कहना है कि अफ्रीका से अरहर दाल के बढ़े आयात, कनाडा से मसूर दाल की बढ़ी आयात, सरकार दालों के भंडार की सीमा पर सरकार की सख्ती, चना की बिक्री में तेजी और उच्च दरों पर घटी मांग के चलते दालों की कीमतों में नरमी दिख रही है.



**अरहर दाल के भाव में इतनी गिरावट**–बाजार में सबसे महंगी दाल अरहर की है, जिसके भाव में एक महीने के दौरान 4 फीसदी की कमी आई है. इसके भाव में गिरावट का मुख्य कारण सरकार की सख्ती का है. भंडारण की अधिकतम सीमा तय होने से दालों के दाम में कमी आई है

# ईड़ी की कार्रवाई पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल बोले, बीजेपी को खत्म करने की साजिश है

**नई दिल्ली।**आम आदमी पार्टी के नेताओं के खिलाफ ईडी की कार्रवाई जारी है. आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को ओखला विधायक अमानतुल्ला खान पर ईडी ने छापेमारी की. इस छापेमारी के बाद आप के राष्टीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार आप को खत्म करने के लिए ये काम कर कर रही है. सीएम ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने हमारी बहुत जांच की, बहुत छापे मारे, कई विधायकों और मंत्रियों को फर्जी मामलों में जेल भेजा, लेकिन एक पैसा भी नहीं मिला. एक-एक करके सभी को रिहा कर दिया गया. एक-एक करके सभी मामले अदालत ने बंद कर दिए.

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब से दिल्ली में हमारी सरकार बनी है. केंद्र सरकार की पूरी कोशिश रही है कि किसी भी तरह से आम आदमी पार्टी को कुचल दिया जाए और ख़त्म कर दिया जाए. हमारे खिलाफ शुंगलू कमेटी का गठन किया. शुंगलू कमेटी ने हमारी सरकार द्वारा किए गए सभी कार्यों की फाइलें मांगी, जो लगभग 400 फाइलें थीं. वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी फाइलों की जांच की और एक भी पैसे का घोटाला नहीं पाया गया. हमारे विधायकों पर 170 से ज्यादा केस हुए हैं और 140 से ज्यादा में फैसला ''आप'' के पक्ष में आया.



इस दौरान आप विधायक अमानतुल्लाह खान ने सीएम अरविंद केजरीवाल को अपनी आपबीती सुनाई. उन्होंने सीएम से कहा कि ईडी हमारे घर पर 12 घंटे तक रुकी और इस दौरान मेरा पूरा परिवार परेशान रहा. पूरे दिन हम खाना भी नहीं खा सके. मैंने ईडी से पूछा कि वे किस एफआईआर के तहत मेरे यहां छापा मारने आए हैं. तब ईडी ने कहा कि 2016 में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज की थी, वे उसी मामले में आए हैं.


उन्होंने कहा कि सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर का मामला पहले से ही कोर्ट में चल रहा है. उस मामले में आरोपपत्र दाखिल हो चुका है और मैं जमानत पर हूं. तब ईडी ने कहा कि एसीबी के पास भी एफआईआर है. मैंने ईडी को बताया कि एसीबी का मामला भी कोर्ट में चल रहा है, लेकिन अभी तक आरोप पत्र दाखिल नहीं हुआ है. इस मामले में भी मैं जमानत पर हूं.

## मेट्रो यात्रियों के लिए खुशखबरी, अब पर मिलेगा हर लाइन का टिकट

**नई दिल्ली ।** दिल्ली मेट्रो में यात्रा करने वालों के लिए खुशखबरी है. क्योंकि गुरुवार की रात दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने सभी लाइन पर व्हाटसप सुविधा शुरू कर दी है. यानि अब यात्रियों को टिकट लेने के लिए लाइन में लगने की जरूत नहीं होगी. पहले यह सुविधा चुनिंदा लाइन पर ही मिलती थी. लेकिन डीएमआरसी ने गुरुवार की रात इसका विस्तार कर दिया है. विगत देर रात डीएमआरसी ने इनोवेटिव वाट्सऐप-बेस्ड टिकटिंग सिस्टम का गुरुग्राम रैपिड मेट्रो समेत दिल्ली-एनसीआर को कवर करने वाली सभी लाइनों पर विस्तार करने की घोषणा की. जिससे मेट्रो में सफर करने वाले करोडों यात्रियों को सुविधा का लाभ मिलेगा..आपको बता दें कि जून 2023 सिर्फ एक्सप्रेसलाइन पर व्हाट्सप बेस टिकट की शुरूआत की गई थी. लेकिन अब वाट्सऐप पर 9650855800 पर 'हाय' टेक्स्ट के साथ एक संदेश भेज सकते हैं या पूरे नेटवर्क पर अपने स्मार्टफोन का उपयोग करके आसानी से मेट्रो टिकट खरीदने के लिए क्यूआर कोड स्कैन कर सकते हैं. डीएमआरसी के एमडी के मुताबिक मेट्रो टिकट खरीदना अब किसी दोस्त या परिवार के सदस्य को मैसेज करने जितना आसान होगा. हमें विश्वास है कि यह एकीकरण अधिक यात्रियों को दिल्ली मेट्रो को यात्रा के अपने पसंदीदा माध्यम के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित करेगा.÷आपको बता दें कि नई सुविधा के बाद अब एक ही टाइम में यूजर्स 6 क्युआर टिकट बुक कर सकते हैं. टाइमिंग की अगर बात करें तो क्यूआर कोड़ से सुबह 6 बजे से टिकट बुक होने शुरू हो जाएंगे. साथ ही शाम 9 बजे तक ये सुविधा खुली रहेगी. वहीं एयरपोर्ट लाइन पर सुविधा सुबह 4 बजे से शुरू होकर रात 11 बजे तक सेवा चालू रहेगी.




## इन किसानों को अब भी नहीं मिलेगी 15वीं किस्त, विभाग ने बनाई लिस्ट, कहीं आपका नाम तो नहीं



अगर आप भी प्रधानमंत्री किसान निधि के लाभार्थी हैं तो ये खबर आपके लिए ही है. क्योंकि विभाग ने सरकार के आदेश पर पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार कर ली है. सूची में लगभग 2 करोड़ से ज्यादा ऐसे किसान हैं. जिन्होने सरकार के निर्देशों का पालन ही नहीं किया है. हालांकि अभी सूची बनाई जा रही है, कुछ अन्य किसान भी इस लिस्ट में शामिल हो सकते हैं. इसलिए दावे के साथ कहा जा सकता है कि ये 2 करोड़ से ज्यादा किसान इस बार भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 15 वीं किस्त से वंचित कर दिये जाएंगे. आइये जानते हैं क्या है पूरा माजरादरअसल, पीएम किसान निधि सरकार की महत्वकांशी योजना है. जिसकी मानिटरिंग स्वयं प्रधानमंत्री मोदी करते हैं. लेकिन इसमें भी फर्जीवाड़े की बू आने लगी थी. करोड़ों ऐसे किसानों ने भी प्रधानमंत्री किसान निधि का लाभ लिया है. जो वास्तव में इसके पात्र ही नहीं है. ऐसे किसानों को शॉटलिस्ट करने के लिए सरकार ई-केवाईसी कराना अनिवार्य किया था. लेकिन अभी तक भी करोड़ों ऐसे किसान हैं. जिन्होने ई-केवाईसी नहीं कराई है. ऐसे सभी किसानों को विभाग ने अलग निकाल दिया है. यानि ऐसे किसानों को 15वीं किस्त का लाभ नहीं मिल सकेगा.

**जमीन न होने के बाद भी लाभ**-आपको बता दें कि लाखों की संख्या में ऐसे किसान पाए गए थे. जिनके पास पहले तो जमीन थी, लेकिन वे अब अपनी जमीन बेच चुके हैं. लेकिन इसके बाद भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ पा रहे हैं. ऐसे किसानों को शॉटलिस्ट करने के लिए सरकार ने भू-लेख सत्यापन कराना अनिवार्य किया था. साथ ही सत्यापन न कराने वाले किसानों को स्कीम का लाभ न दिये जाने के लिए आदेश जारी किया गया था. वर्तमान में लाखों किसान ऐसे हैं. जिन्होने अभी तक भूलेख सत्यापन नहीं कराया है. इसिलए इन किसानों को भी 15वीं किस्त का लाभ नहीं मिल पाएगा..

## पेट्रोल–डीजल की हुई छुट्टी, अब 40 रुपए प्रति लीटर के खर्च पर चलेगी आपकी कार

**नई दिल्ली** पेट्रोल-डीजल की आसमान छूती महंगाई ने अब सरकार को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है. आम जनता को राहत देने के लिए केन्द्र सरकार में परिवहन मंत्रीलगातार प्रयासरत है. ताजा जानकारी के मुताबिक इस साल के अंत तक पेट्रोल डीजल की निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी. जिसके बाद आपकी कार चलाने की कॉस्ट सिर्फ 40 रुपए लीटर पर आ जाएगी. सरकार का मानना है कि महंगे पेट्रोल-डीजल से आम जनता को ही नहीं, बल्कि सरकार को भी काफी लॉस हो रहा है. इससे मुक्ति पाने के लिए वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देना ही सबसे कारगर सिद्ध होगा. आईये जानते हैं क्या सरकार का प्लान. आपको बता दें कि पेट्रोल-डीजल की निर्भरता कम करने के लिए सरकार फ्लेक्स-ईंधन को मार्केट में उतारने का प्लान कर चुकी है. क्योंकि इलेक्ट्रिक वाहन महंगे होने के चलते आम आदमी की पहुंच से दूर हैं. इसलिए सरकार ईवी के साथ फ्लेक्स-ईंधन को लॉन्च करने वाली है. जिसके बाद पेट्रोल डीजल की डिपेंडेंसी बहुत कम हो जाएगी. जिससे उसकी कीमतों पर भी असर पड़ेगा. लेकिन क्या आप जानते हैं कि फ्लेक्स ईंधन आखिर है क्या. साथ ही वह कैसे काम करता है. आइये जानते हैं एक्सपर्ट के माध्यम से फ्लेक्स ईंधन के बारे में जरूरी बात.




## हमास–इजरायल की जंग का असल मास्टरमाइंड कौन है?

**नई दिल्ली।**डेढ़ साल से भी ज्यादा वक्त से जारी यूक्रेन युद्ध अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है कि अचानक मिडिल-ईस्ट में जंग का एक नया मोर्चा खुल गया है. कहने के तो इस जंग में अभी तक इजरायल और फिलिस्तीनी आतंकी संगठन हमास ही शामिल हैं लेकिन इतिहास गवाह है कि मिडिल-ईस्ट में इजरायल की जंग बाकी अरब देशों के साथ फैलने में देर नहीं लगाती. तो सवाल ये है कि आखिरकार अचानक ऐसा क्या हो गया है कि हमास ने खुद से कहीं ज्यादा तकतवर इजरायल पर हमला करके गाजा पट्टी में मौजूद अपने ठिकानों पर तबाही की दावत दे दी. दरअसल, इस जंग के मास्टरमाइंड मिडिल ईस्ट नहीं बल्कि कहीं और बैठे हैं और ये जंग महज इजरायल या हमास की नहीं बल्कि पूरे मिडिल ईस्ट के इलाके पर दबदबा कायम करने की जंग है, जिसमें एक ओर है अमेरिका और दूसरी ओर है चीन. कैसे अचानक शुरू हुई ये जंग भारत के लिए बड़ा झटका साबित हो सकती है, लेकिन पहले आपके बताते हैं कि जंग अचानक से शुरू नहीं हुई बल्कि इसकी पटकथा करीब 8 महीने पहले ही लिखी जा चुकी थी उस वक्त जब चीन ने इस इलाके के दो कट्टर दुश्मन देश ईरान और सऊद अरब के बीच समझौता कराया था.दरअसल, इस्लामिक दुनिया में सुन्नी बहुल देशों का लीडर सऊदी अरब और शिया बहुल देशों का लीडर ईरान कई सालों से एक दूसरे के साथ अदावत रखते आए हैं. दूसरे विश्व युद्ध के बाद से कच्चे तेल के खजाने के तौर पर सामने आए इस इलाके में अमेरिका का सिक्का चला करता था. 1979 में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान अमेरिका का दुश्मन बन गया जबकि सऊदी अरब अमेरिका का सबसे मजबूत पार्टनर बन गया. शिया सुन्नी के इस झगड़े के बावजूद इस इलाके में अमेरिका के एक और देश इजरायल के खिलाफ लगभग पूरा अरब जगत एक एकजुट रहा है.



**चीन ने कर दिया खेला**–अब इस कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के खजाने वाले इलाके में अमेरिका की जगह अपना दबदबा बनाने के लिए चीन ने इसी साल फरवरी में सऊदी अरब और ईरान के बीच एक दूसरे की राजधानी में अपने मिशंस खोलने के लिए समझौता करा दिया. यूक्रेन युद्ध में उलझे अमेरिका के लिए ये एक बड़ा झटका था. जिस दुश्मनी को अमेरिका खत्म नहीं करा सका उसे चीन दोस्ती में बदलवा रहा था. बस यहीं से अमेरिका ने सऊदी अरब को अपने पाले में बनाए रखने की कवायद शुरू की.इसी साल जुलाई में अमेरिका के ह्न जैस सुलिवन एक सीक्रेट एजेंडे के तहत सऊदी पहुंचे और कई मीडिया रिपोर्ट्स, के मुताबिक सऊदी अरब की इजरायल के साथ समझौते की फाउंडेशन तैयार की. अमेरिका की ये कोशिश सऊदी अरब को चीन के खेमे में जाने से रोकने और मिडिल ईस्ट में अपने खोए इकबाल को वापस पाने की है. जानकारी के मुताबिक इस संभावित समझौते में. सऊदी अरब इजरायल के साथ दुश्मनी भुलाकर उसे मान्यता देगा जिसके बदले में अमेरिका सऊदी अरब को अकगसी सुरक्षा की गारंटी देगा. सऊदी अरब को इजरायल के बेहतरीन हथियार भी मुहैया कराए जाएंगे.जाहिर है इस समझौते के बाद मिडिल ईस्ट के समीकरण तो बदल ही जाएंगे साथ ही इस इलाके में अमेरिका का रुतबा भी बरकरार रहेगा. लेकिन अब हमास के इजरायल पर हमले और इजरायल की जवाबी कार्रवाई में हो रही फिल्सतीनी मुसलमानों की तबाही ने सऊदी अरब के लिए इजरायल के साथ डील करना मुश्किल कर दिया है. साफ है अरब देशों के सेंटीमेंट्स के खिलाफ जाकर सऊदी अरब इजरायल के साथ समझौता नहीं कर सकता और अमेरिका का प्लान फ्लॉप हो सकता है. अमेरिका का प्लवैन फ्लॉप होने कगा मतलब है चीन की इस इलाके की बिसात पर फिर से वापसी . और इसीलिए ऐसा माना जा रहा है कि हमास का खुद से कहीं तकतवर इजरायल पर हमला करना अमेरिका-सऊदी अरब की डील को रोकने की कोशिश हो रही है.अब बात करते हैं इस पूरी घटनाचक्र में भारत के नफे-नुकसान की. दरअसल, हाल ही में भारत की राजधानी दिल्ली में आयोजित हुई जी20 की मीटिंग साइडलाइंस में एक बड़े फैसले का आकलन हुआ था. ये फैसला था अमेरिका की पार्टनरशिप में भारत से यूएई, सऊदी अरब और इजरायल होकर यूरोप तक जाने वाले एक इकॉनोमिक कॉरिडोर के निर्माण का. इस ढ्रस्ष्ब्ष्ट प्रोजेक्ट मे कुल 6,000 किलोमीटर का गलियारा तैयार किया जाएगा.

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सिरमौर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर निर्वाचन संबंधी तैयारियों की समीक्षा की

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये की जा रही है तैयारियों के उद्देश्य से सिरमौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जवा में बीएलओ की बैठक लेकर अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बीएलओ निर्वाचन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। मतदाता सूची में नाम जो?ने के फार्म 6 प्राप्त किये जा सकते है। घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें तथा मतदान केन्द्रों की सुव्यवस्थिति व सभी आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति में जीआरएस व सचिव का सहयोग करें। उन्होंने निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों में शौचालय ठीक रहे तथा हैण्डपंप चालू हालत में हो। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में निर्देश दिये कि मतदान दिवस के पूर्व मतदाता पर्ची का घर-घर जाकर वितरण करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी आदर्श आचरण संहिता का पालन सुनिश्चित करें तथा कही से भी किसी की शिकायत न हो। सोशल मीडिया में भी अधिकारियों, कर्मचारियों की शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अपेक्षा की कि जिले में मतदान का प्रतिशत ब?गा इसके लिये बीएलओ तत्परता से जागरूकता अभियान में भागीदार बनें। भ्रमण के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया। उन्होंने हाई स्कूल जवा में रैम्प बनवाने तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पटेहरा के भवन की पुताई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों में लिखाई करायें जिसमें केन्द्र के विषय में सभी जानकारी प्रदर्शित हो। जिला निर्वाचन




अधिकारी ने शासकीय हाई स्कूल अतरैला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने आंगनवा?ी केन्द्र रमग?वा का निरीक्षण किया तथा मध्यान्ह भोजन वितरण नियमित कराने तथा कुपोषित बच्चों के तत्काल एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्थायें दुरूस्त रहें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद पंचायत सिरमौर में निर्वाचन तैयारियों की जानकारी ली। रजिस्टर में शिकायत दर्ज करने तथा उसके समय सीमा में निराकरण को भी पंजी में संधारित करने के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद पंचायत कार्यालय में ड्यूटी में लगाये गये अधिकारियों, कर्मचारियों को नियत समय में उपस्थित रहने के निर्देश दिये तथा कहा कि जिनके हस्ताक्षर नही हैं उनका वेतन काटा जाय।

## चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति देंगे रिटर्निंग आफीसर

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया है कि विधानसभा चुनाव के दौरान राजनैतिक दलों, उम्मीदवारों तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा चुनाव प्रचार के लिए वाहनों की अनुमति संबंधित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफीसर जारी करेंगे। प्रचार में उपयोग किए जा रहे वाहन की विंड स्क्रीन में अनुमति पत्र चस्पा करना आवश्यक होगा। बिना अनुमति के चुनाव प्रचार में वाहनों का उपयोग पाए जाने पर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## कलेक्टर ने निकलवाये कार से स्टीकर, चालान काटने के निर्देश



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा ने अधिकारियों के साथ धवारी स्टेडियम पहुंचकर मतदान दलों की रवानगी के उपयोग आने वाले छोटे वाहनों की पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण से वापस लौटते समय धवारी स्टेडियम के बाहर कार क्रमांक-स्क्ष19ष्ट2054 में मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लघंन करती हुई चस्पा स्टीकर सामग्री को देखकर कलेक्टर ने अपने समक्ष स्टीकर हटवाए और साथ में चल रहे आरटीओ संजय श्रीवास्तव को वाहन का चालान काटने के निर्देश दिए।

## अवैध रूप से नशीली कफ सीरप की तस्करी करने वालो पर बड़ी कार्यवाही

### 1440 नग नशीली कफ सीरप के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**घटना का विवरण-** पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशानुसार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण विक्रम सिंह एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्या. विजय प्रताप सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी रामपुर बाघेलान उमेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में चौकी प्रभारी बेला उनि ओशो गुप्ता के हमराह टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान ग्राम बहेलिया भाँट मे रेड कार्यवाही कर 12 पेटी कुल 1440 नग आनरेक्स कम्पनी की नशीली कफ सीरप कीमती 244800/- के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार एवं परिवहन मे प्रयुक्त स्कार्पियो कार क्र. क्क80 क्च्य 0570 कीमती 120000/- रुपये की जप्त कर थाना वापसी पर थाना रामपुर बाघेलान के अपराध क्र. 737/23 धारा 8बी,21,22 ह्रष्ठक्कस् एक्ट, 5/13 म.प्र. ड्रग्स कंट्रोल एक्ट का पंजीबद्ध कर गिरफ्तारसुदा आरोपीगणो को माननीय न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

## आचार संहिता लगते ही पुलिस हुई सख्त, होटलों पर छापे, अपराधियों की धरपकड़, चौराहों पर वाहनों की चेकिंग

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**शिवम तिवारी (ब्यूरो चीफ)**

रीवा।सोमवार को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से प्रदेश भर में इसका असर देखने को मिल रहा है. वहीं निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती के साथ पालन कराने के लिए पुलिस, प्रशासनिक आधिकारी और आबकारी विभाग की टीमों ने एक साथ दबिश देकर शहर कई इलाकों में छापे मारे. निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती के साथ पालन कराने के लिए मंगलवार को शहर के कई इलाकों में प्रशानिक टीम के अलावा पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अचानक दबिश दी.संवेदनशील इलाकों में दी दबिश ल्टीम की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया और देर रात तफरी कर रहे बदमाशों को पुलिस ने धर दबोचा. कई इलाकों में देर रात दबिश से हड़कंप मचा रहा. पुलिस की टीम ने शहर के मुख्य बाजार शिल्पी प्लाज़ा, पुराने बस स्टैण्ड और नए बस स्टैंड सहित सामान तिराहे के अलावा अन्य संवेदनशील इलाको में दबिश दी. कई आसामजिक तत्त्वों को गिरफ्तार कर उन्हे थाने भेजा गया और चार पहिया वाहनों के टायरों से हवा निकाल दी गई. पुलिस की सख्ती और कार्रवाई लेकर बदमाशों में डर समा गया.कई होटलों पर चेकिंग



ल्संयुक्त टीम ने बस स्टैंड में संचालित कई होटलों पर भी दबिश दी. जहां देर रात शटर बंद करके लोगों को खाना खिलाया जा रहा था. पुलिस टीम का नेतृत्व कर रहीं ष्टस्क्क शिवाली चतुर्वेदी ने बताया कि शहर में आचार संहिता लागू हो चुकी है. वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है. निर्धारित समय के बाद भी अगर दुकानें खुली व संदिग्ध गतिविधियां पाई जाती हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. साथ ही दुकान और होटल को सीज करने की कारवाई भी की जा रही है. साथ ही अपराधियों की धरपकड़ भी की जा रही है।

## पेंटियम प्वाइंट गुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा। शहर में स्थित पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के करहिया परिसर में आज अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम पेंटियम पॉइंट टेक्निकल महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया था। हर साल पूरी दुनिया में 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस खास दिन पर परिवार, समाज और देश के लिए बालिकाओं के महत्व को दर्शाया जाता है, इसके साथ ही यह संदेश दिया जाता है कि बालिकाओं की क्षमताओं और शक्तियों को पहचान कर उनके लिए दिल



खोलकर अवसर मुहैया कराना चाहिए। बालिका दिवस 2023 की थीम %%लड़कियों के अधिकारों में निवेश~हमारा नेतृत्व, हमारा कल्याण÷ है। मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पेंटियम प्वाइंट ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के शैक्षणिक संचालक एसके त्रिपाठी,पेंटियम प्वाइंट टेक्निकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ सीमा शुक्ला उपस्थित रही। उपस्थित अतिथियों का आयोजको द्वारा



वृक्ष भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि बेटी है तो कल है, बेटी के द्वारा ही समाज और राष्ट्र का निर्माण होता है बिना बेटियों के समाज की कल्पना करना संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने बेटियों को आत्मनिर्भर तथा आत्मरक्षा करने के लिए भी प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दिन विश्व में बालिकाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने, लड़कियों की शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, करियर के लिए मार्ग उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर साल 11 अक्तूबर को मनाया जाता है। बालिका दिवस के मौके पर दुनियाभर की महिलाओं को उनके अधिकार और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया जाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ सविता शुक्ला द्वारा किया गया। डॉ अर्चना पटेल, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ राकेश तिवारी, समाज कार्य विभाग से गिरीश भाई पटेल,शशि सिंह,प्रतिमा सिंह बघेल तथा अन्य विभागो से अखिलेश मिश्रा, ज्ञानेंद्र तिवारी,अदिति मिश्रा, निधि पटेल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### आठ आदतन अपराधियों को किया जिला बदर..

## कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर की गई कार्यवाही..

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** आठ आदतन अपराधियों को जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। विधानसभा चुनाव के समय कानून और व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजनता की सुरक्षा को ध्यान में रखकर यह कार्यवाही की गई है।मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 ख के तहत जिला बदर के आदेश दिए हैं। इन आठ आदतन अपराधियों द्वारा लगातार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहने, मारपीट, गुण्डागर्दी, गाली गलौज, अवैध शस्त्रों के उपयोग, लोगों को डराने-धमकाने तथा अन्य आपराधिक कृत्यों के कारण यह कार्यवाही की गई है। इन अपराधियों के विरूद्ध विभिन्न थाना क्षेत्रों में धारा 294, धारा 323, धारा 506, धारा 341, धारा 323, धारा 34, 110 जाप्ता फौजदारी तथा अन्य धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। बार-बार समझाइश के बावजूद इन अपराधियों के आचरण में किसी तरह का सुधार नहीं हो रहा है। इनके कृत्यों से जनमानस में आतंक एवं भय व्याप्त है। इनका स्वच्छंद रहना आमजनता के लिए हितकर नहीं है जिसके कारण पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के प्रतिवेदन के आधार पर जिला



बदर की कार्यवाही की गई है। इन सभी आदतन अपराधियों को एक वर्ष की अवधि के लिए रीवा जिले की राजस्व सीमाओं सहित मऊगंज, सिंगरौली, सीधी तथा सतना जिले की सीमाओं से बाहर रहने के आदेश दिए गए हैं। सक्षम अधिकारी के आदेश के बाद ही ये रीवा जिले की सीमाओं में प्रवेश कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार मोनू उर्फ ज्ञानेन्द्र सिंह पिता अरूणेन्द्र सिंह आयु 36 वर्ष निवासी पीटीएस चौराहा रीवा, मन्नू उर्फ मन्नूलाल प्रजापति पिता लहामन प्रजापति आयु 22 वर्ष निवासी अमरैया टोला निपनिया रीवा एवं भानू उर्फ भानूदेव पाण्डेय पिता इन्द्रपाल पाण्डेय आयु 25 वर्ष निवासी ग्राम ग?वा जिला रीवा को जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। इसी तरह आदतन अपराधी कैलाश उर्फ बाबा बंसल पिता मिठाईलाल बंसल आयु 22 वर्ष निवासी निपनिया रीवा, दिलीप साकेत पिता सुखलाल साकेत आयु 28 वर्ष निवासी ग्राम छिजवार जिला रीवा को भी जिला बदर के आदेश दिए गए हैं। अनूप कुशवाहा पिता शिवबालक कुशवाहा आयु 23 वर्ष निवासी ग्राम बैजनाथ, अजय पाण्डेय पिता बिहारीलाल पाण्डेय आयु 22 वर्ष निवासी ग्राम छिवला वर्तमान निवास द्वारिका नगर रीवा तथा दीपकमल उर्फ कंचू चतुर्वेदी पिता यज्ञनारायण चतुर्वेदी आयु 27 वर्ष निवासी ग्राम समुआर वर्तमान निवास समान जिला रीवा को भी जिला बदर के आदेश दिए गए हैं ꞊ ञ्चक्र्2ड्ड-ष्टश्वद्यद्गष्ह्लश्वह्र एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल।

## भाटसन पे सेंटर स्कूल के शिक्षक नीलेश श्रीमाली को नेशन बिल्डर अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया




**पाटन ब्यूरो दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गुजरात।** रोटरी क्लब ऑफ पाटन द्वारा राष्ट्र निर्माण में एक शिक्षक के रूप में उनकी बहुमूल्य सेवा के लिए उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय के चांसलर श्री रोहितभाई देसाई साहब की अध्यक्षता में रोटरी क्लब ऑफ पाटन द्वारा आयोजित नेशन बिल्डर अवार्ड 2023 के तहत भाटसन स्कूल के भाषा शिक्षक नीलेश श्रीमाली को रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन पाटन रोटरी क्लब द्वारा नेशन बिल्डर अवार्ड्स 2023 से सम्मानित किया गया सम्मानित किया गया।

## पुस्तक समीक्षा- ओस के बादल प्रेम और आस्था में पगी गजल और कविताओं का पठनीय संग्रह

**रघुवर दयाल गोहिया**

महान विभूति सर हरीसिंह गौर और प्रख्यात साहित्यकार बिठ्ठल भाई पटेल की नगरी में अनेक प्रतिभाओं ने अपना हुनर दिखाया है। साहित्य के क्षेत्र में इसी नगर की प्रखर युवा साहित्यकार सुश्री पूजा दुबे का नाम प्रदेश और देश में गूंजने लगा है। मूल रूप से गीत और ??लकार पूजा का काव्य संग्रह बारिश की बूंदें प्रखरगूँज प्रकाशन दिल्ली से सन 2022 में प्रकाशित हुआ था। इसके बाद हाल ही में इसी प्रकाशन संस्थान ने उनका दूसरा काव्य संकलन ओस के बादल प्रकाशित किया है।पूजा की रचनाओ में जीवन का यथार्थवादी नजरिया, बेहतरीन जीवन की अनेक संभावनाओं को जन्म देता है। उन संभावनाओं में जय, पराजय दोनों शामिल हैं। इन दोनों स्थिति में कविता जन्म लेती है। वह कहती हैं कि मेरे अंतस्थल से निकले गीत,




नवगीत, गजल और दोहे इन्हीं परिस्थितियों के साक्षी हैं। उनका कहना है कि वे प्रतिदिन कुछ न कुछ सीखती रहती हैं। हर किसी से, जो भी आँखें देख पाती हैं, कान सुन पाते हैं। यही नहीं शांत पलों में जो भी ख्याल आते हैं, ये चेतन और अवचेतन दोनों क्षेत्रों से आते हैं, उन्हें शब्दों में ढालने की कोशिश करती हूँ। कवि दृष्टा होता है, उसे सब कुछ साफ दिखाई प?ता है।कभी-कभी सवाल करते हुए दृश्य उपस्थित हो जाते हैं। भरसक कोशिश होती है, उत्तर देने की, परन्तु यह हमेशा नहीं हो पाता। कभी-कभी उत्तर नहीं मिलते, उत्तर खोजने निकल प?ती हूँ, वन, उपवन तो कभी सिर लगाए इंसानी जंगलों में, इसी कोशिश में कुछ शब्द कागज में उतर आते हैं।आपने उन्हें गीत, दोहा, ??ल और भी बहुत-से नाम दिए हैं, मगर यह कविता है। पूरा संसार कवित्वमय है, संसार में गोचर-अगोचर हर वस्तु काव्यमय है, इसीलिए संसार सुंदर और नयनाभिराम है। इसकी सुंदरता को अक्षुण्ण रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। ऐसा हो नहीं रहा है, जो हो रहा, वह तकली?देह है, जीवन के लिए बहुत कष्ट दायक है। कविता यहाँ भी




खामोशी अख्तियार नहीं करेगी, बोलेगी, चीखेगी, चिल्लाएगी। सम्भवतः ऐसा ही कुछ मंजर मेरी आँखें देख रही हैं----तभी ऐसे सवालात जेहेन से उतरकर कागज के केनवास पर ठहर गए। ओस के बादल काव्य संग्रह के गीत खंड में कुल 35 रचनाओं का समावेश किया गया है। वहीं चुनी हुई 27 ल हैं।

उनका पहला गीत ही प्रेम में पगा है-

÷ऐसी प्रीत निभाएं हम/खुशबू में खो जाएं हम/पलकों की तुम सेज बना लो/चितवन में सो जाएं हम।÷

इसी प्रकार उनकी गजल की बानगी भी बहुत प्रभावित करती है- ÷जिंदगी हूं हर किसी एहसास में हूं, सोचिए मत देखिए हर सांस में हूं।÷

उनकी यह पुस्तक सीखने की प्रक्रिया का एक प्रतिफल है। उनका मानना है कि साहित्य समाज का दर्पण है तो वह लीडर और नेतृत्व कर्ता भी है। बशर्ते इस लायक साहित्य की रचना की जाए। ओस के बादल काव्य संग्रह की रचनाओं में कुदरत के रंग, प्रेम, मानवीय संवेदनाएं, आध्यात्म, समाज, राजनीति, मानव जीवन को प्रभावित करने वाले प्रमुख आधार हैं। उनके कृतित्व में संदेश के साथ सीख भी है जो पाठकों को प्रभावित किये बिना नहीं रहती है। गलत को गलत कहना भी उन्हें बखूबी आता है।

गीत भी आपका ओ गला आपका,
गीत फिर भी न गायें गलत बात है।
पूजते-पूजते पूजा बन जाएगी,
देवता लौट जाएं गलत बात है।

कुल मिलाकर गीत गजल संग्रह ओस के बादल साहित्य प्रेमियों के लिए एक ताजा हवा के झोंके की तरह है। जो आज के प्रदूषित माहौल में सुकून का एहसास कराने में पूरी तरह से सक्षम है।

## दबोह थानाप्रभारी ने दिखाई दरियादिली,घायलों को समय पर प्राथमिक उपचार दिलाकर बचाया जीवन

**अर्पित गुप्ता**
**उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** नगर निरीक्षक परमानन्द



शर्मा दबोह ने मंगलवार को दबोह से 2 कि.मी.दूर बीज गोदाम और तहसील के मध्य सुनसान सड़क पर पड़े घायलों के साथ अपनी दरियादिली दिखाते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए दबोह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचा कर उपचार कराया और उनकी जान बचाई।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 10.10.2023 दिन मंगलवार को समय करीबन दोपहर 02 बजे दबोह नगर निरीक्षक परमानन्द शर्मा इलाका भ्रमण करने के लिए जब दबोह थाना अंतर्गत आने बाले ग्राम सलैया-काक्सी की ओर जा रहे थेउसी समय दबोह से लगभग 02 से 03 कि.मी. दूरी पर स्थित बीज गोदाम और तहसील कार्यालय के मध्य ग्राम सलैया की ओर से आ रही एक मोटर साइकिल अचानक से एक गाय से टकरा गई और अनियंत्रित हो कर सड़क पर गिर गई जिकसे कारण मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गए जिनमे से एक व्यक्ति



भागीरथ शर्मा पुत्र किशनप्रसाद शर्मा उम्र 95 साल निवासी ग्राम फरदुआ अत्यधिक बृध्द होने से उठने एवं चलने में असमर्थ हो गये थे तो वही दूसरा व्यक्ति मुरारी शर्मा पुत्र रामगोपाल शर्मा उम्र 58 साल निवासी ग्राम फरदुआ मौके पर बेहोश हो गये सम्पूर्ण घटना को देख वहाँ से गुजर रहे दबोह थाना प्रभारी परमानन्द शर्मा ने तुरंत अपनी फोरव्हीलर गाड़ी रोक कर घायलों को गाड़ी में बैठाया और तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दबोह ले आये जहाँ दोनों घायल व्यक्तियों को थानाप्रभारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती कराकर अपनी निगरानी में उपचार कराया और दूरभाष के माध्यम से घायलो के परिजनो को सूचना दी फिलहाल दोनो व्यक्तियों की हालत में सुधार है।

## लोकप्रिय कथा वाचक बालयोगी मनोज सीरवी मध्यप्रदेश का 14 अक्टूबर को मैसूर में होगा आगमन

**पुष्पाजंली टुडे /**

मैसुरः सीरवी समाज के अनमोल रत्न,समाज का गौरव,सरल स्वभाव के धनी,हँसमुख,आध्यात्मिक ज्ञान से युवाओं को मार्गदर्शन, सदैव धार्मिक, धर्म संस्कृति के प्रचारक, लोकप्रिय कथावाचक, दिव्य सत्संग करने वाले बालयोगी मनोज सीरवी मनावर,(मध्यप्रदेश) का 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2023 नवरात्रि पावन पर्व कर्नाटक के मैसुर के



आर एस रोड़,सीरवी समाज बढेर सभा भवन में आपके द्वारा नो दिनों तक कथा,दिव्य सत्संग होने जा रही है।इस आयोजन में रोजाना सर्व प्रथम दुर्गापूजा, अर्चना के साथ महाआरती,कथा,सत्संग के साथ महिलाओं द्वारा गरबा नृत्य भी होगा। 15 अक्टूबर को माताजी की स्थापना सुबह 09 बजे होगी।रविवार 15 अक्टूम्बर 2023 से प्रतिदिन सायं 06 से 8ः30 बजे तक नवरात्रि गरबा महोत्सव रहेगा। रात्रि 9 से 11ः25 बजे तक कथा एंव सत्संग होगा। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने हेतु सहयोग मंडल श्री आईजी गैर मंडल श्री आईजी महिला मंडल, श्री आईजी कबूतर भंडार, हेब्बाल स्पोर्ट क्लब वॉलीबॉल के आर एस रोड़ मैसुर, कार्यकारणी एवं समस्त सदस्यगण मैसूर के व्यवस्था मै सहयोग देगे। ये जानकारी सेवा संघ अध्यक्ष रूपाराम राठौड़ सचिव किशनलाल सानपुरा ने दी।

## कार्यवाहक निरीक्षक संदीप दीक्षित बनाए गए थाना प्रभारी देवेंद्र नगर,निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराना पहली प्राथमिकता बताया



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे की खबर**

जिले का प्रमुख थाना क्षेत्रों में से एक देवेंद्र नगर थाना बीते लगभग 2 वर्षों से उपनिरीक्षकों के प्रभार पर संचालित हो रहा था लेकिन चुनावों के एन वक्त पहले छतरपुर से स्थानांतरित होकर आए कार्यवाहक निरीक्षक संदीप दीक्षित को पुलिस अधिक्षक पन्ना द्वारा देवेंद्र नगर का प्रभारी बनाया गया है।चुनावों और त्योहारों के बीच देवेंद्र नगर की कमान सम्हालने वाले संदीप दीक्षित ने बताया की अपराधों पर नकेल कसने के साथ साथ निष्पक्ष चुनाव और निर्विघ्न त्योहार संपन्न कराना एक चुनौती है जिसे आमजन और पत्रकारों के सहयोग से जरूर पूरा करने का प्रयास रहेगा।

## शिक्षा और आध्यात्मिक चेतना से ही जीवन का समग्र विकास होता है :हरीश मुलेवा

**पुष्पाजंली टुडे**
**नारायणलाल सेंणचा**

मध्यप्रदेश। देवास जिले के ग्राम पुंजापुरा में मंगलवार को डेल कंपनी (बेंगलुरु) से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हरीश मुलेवा (सिवई) ने यह बात कही। श्री आईमाता योगमाया मंदिर में इस कार्यक्रम में सिर्वी समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं युवा उपस्थित रहे।*शिक्षा समझ पर आधारित होना चाहिए तभी ज्ञान का सृजन होता है। यह सिद्धि तकनीकी के प्रयोग से संभव है। अध्यात्म के बिना हम भौतिकता की ओर बढ़



सकते हैं। आध्यात्मिक चेतना से ही सामा. सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण तथा व्यक्ति, परिवार और समाज का सर्वांगीण विकास होता है। सकारात्मक विचारों से प्रेरित युवा ही समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लाते हैं। अंजड़ क्षेत्र से श्री विक्रम काग और राजेंद्रजी मुलेवा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय व किसान सेवा समिति के उपाध्यक्ष गब्बू बर्फा सोबियापुरा, संतोष काग, नरेन्द्र हाम्बड, मोहन परिवार, प्रदीप चोयल, शिव गेहलोत, लक्ष्मी नारायण मुलेवा ने आभार व्यक्त किया।

## वैष्णव विद्या मंदिर खरगोन में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**खरगोन जिले**
**मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

आज दिनांक 11.10.2023 को वैष्णव विद्या मंदिर खरगोन में मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति खरगोन श्री जी.सी.मिश्रा द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवा योजना, गरीबों एवं बच्चों से संबंधित विधिक सेवाएं योजना,



मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण एवं लैंगिक अपराधों से संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। पर्यावरण की देखभाल के लिए पंच ''ज'' पर ध्यान केन्द्रित किया गया ।न्यायिक मजिस्टेऊट कु. प्रियंका दांगी एवं कु. शिवांगी भट्ट द्वारा भी सामान्य कानूनों की जानकारी प्रदान की गई। साईबर सेल से श्री सचिन चैधरी द्वारा साईबर क्राईम एवं जनसाहस संस्था से कु. कविता सोनोने द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई ।कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर श्री द्वारका दास महाजन, प्राचार्य श्रीमती माधुरी गुप्ता एवं शिक्षक, तहसील विधिक सेवा समिति से श्री नीलमओमप्रकाश पगारे, श्री परसराम गंधारे एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## फिल्म एनिमल के रोमांटिक सॉन्ग हुआ मैं में रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना के बीच देखने मिली जबरदस्त केमेस्ट्री

**खरगोन जिले**
**मुन्ना खान पुष्पांजली टुडे**

प्यार और जुनून की दुनिया में डूबने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि एनिमल फिल्म का बहुप्रतीक्षित रोमांटिक एंथम हुआ म अब रिलीज हो चुका है। मनोज मुंताशीर द्वारा लिखित इस सोलफुल मेलोडी को प्रीतम ने कंपोज किया है। प्रीतम और रणबीर कपूर, इससे पहले भी कई जबरदस्त गाने किए हैं, हुआ मैं के साथ वे दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।इस प्रेम गीत में न केवल बेहद खूबसूरत धुन है, बल्कि फिल्म की मुख्य जोड़ी,



रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना के बीच शानदार केमिस्ट्री भी है। गाने के पोस्टर, जिसमें दो सितारों के बीच एक रोमांचक और पैशनेट किस दिखाया गया था, जिसने इंटरनेट पर धमाल मचा दिया, और लोग गाने की रिलीज का बेसब्री से इंतजार करने लगे। हुआ मचर्चा का विषय बना हुआ है,यह बहुप्रतीक्षित फिल्म एनिमल में साजशि की एक अतिरिक्त परत जोड़ते हुए एक दृश्य और संगीतमय मनोरंजन का वादा करता है। एक बार फिर प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि हुआ मैं निश्चितरूप से आपके दिल में अपनी जगह बना लेगा और साल का रोमांटिक गाना बन जायेगा।

## जेबीएन पायोनियर्स उल्लेखनीय कार्य कर रहा है-इंदरचंद बोहरा नई लीडरशिप टीम का गठन

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू ।** समाज के व्यवसाइयो एवं पेशेवरों को व्यवसायिक जुड़ाव एवं उन्नति का सशक्त मंच उपलब्ध कराने वाले जेबीएन में बढ़ती सदस्य संख्या को देखते हुए गठित किये गये जेबीएन पायोनियर्स ने अल्पअवधि में ही उल्लेखनीय कार्य किया हैं, सदस्यों के बीच लगभग नौ करोड़ रुपयों का व्यापार इसका जीवंत उदाहरण है। यह बात जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा ने जेबीएन पायोनियर्स की नई लीडरशिप गठन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि देश भर में फैला जेबीएन नेटवर्क आज व्यापारिक जुड़ाव का विकल्प बनता जा रहा है। नवकार उच्चारण से प्रारंभ सभा में पायोनियर्स अध्यक्ष देवेंद्र जैन ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने जानकारी दी कि अगले कार्यकाल के लिये आशीष भंसाली को अध्यक्ष, मेहुल सकलेचा को उपाध्यक्ष एवं रिंकु बाफना को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। उपाध्यक्ष मोनीश बोथरा के अनुसार बैठक में पायोनियर्स सदस्यों के साथ 40 आमंत्रितो की उपस्थिति जेबीएन के बढ़ते ग्राफ का उदाहरण है। सचिव



प्रेक्षा कातरेला ने वर्तमान लीडरशिप के कार्यों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि पायोनियर्स की सदस्य संख्या में 44त्न की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।बैठक में उपस्थित सदस्यों के बीच 23 वन टू वन एवं 71 रेफरल के माध्यम से लाखों के व्यापारिक समझौते हुए।

जीतो बेंगलूरू नॉर्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा के अनुसार पायोनियर्स नया चेप्टर होते हुए भी सदस्यों के बीच छः महीनों की अल्पावधि में करोडो रूपयो का व्यापार इसके सफलता की कहानी बया करता है। बैठक के एक विशेष सत्र में रिलायंस रीटेल की सहायक कंपनी सी स्क्वायर के श्रीपाल बच्छावत ने व्यापारिक विषय श्री एस पर जानकारीयुक्त प्रस्तुति दी। जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना ने जेबीएन द्वारा प्रदान किये जाने वाले अवसरों पर प्रकाश डाला। बैठक में अपेक्स रेफरल संयोजक मनोज कोचर, अपेक्स एसएसबी सह संयोजक रेखा जैन, जेबीएन सह संयोजक मदन मूणोत, नॉर्थ महिला विंग अध्यक्ष बिंदु रायसोनी, नॉर्थ समिति सदस्य महेंद्र सोलंकी इत्यादि भी मौजूद थे।

संपादकीय

## पदकों का शतक

यह सुखद ही है कि भारत ने एशियाड के 72 साल के इतिहास में पहली बार पदकों का सैकड़ा पार किया। जीत की प्रतिबद्धता लिये खिलाड़ियों ने कुल 107 पदक जीतकर भारत को एशिया के 45 देशों में चौथे नंबर पर पहुंचा दिया। निस्संदेह, अब देश खिलाड़ियों से उम्मीद रखेगा कि आने वाले वर्षों में यह नंबर और ऊंचाइयों की तरफ जाए। जिस तरह आखिरी दिन भारतीय खिलाड़ियों की प्रतिभा ने स्वर्णिम आभा बिखेरते हुए छह स्वर्ण पदक हासिल किये, उससे अंत भला तो सब भला की कहावत चरितार्थ हुई। भारतीय खिलाड़ियों ने 14वें दिन छह स्वर्ण समेत 12 पदक जीते। यह सुखद ही है कि इस बार हांगझोऊ में बेटियों ने अपना दमखम दिखाया। पहला व सौवां पदक बेटियों ने ही जीता। जो हमारे समाज में बेटियों की इस प्रतिष्ठा को स्थापित करता है कि बेटियां कहां बेटों से कम होती हैं। लेकिन यह विडंबना ही है कि देश में एशियाड में सोना,चांदी व कांस्य पदक विजेताओं को लेकर वैसा जुनून पैदा नहीं हुआ जैसा एक छोटे क्रिकेट मैच के लिये हो जाता है। वहीं मीडिया कवरेज में भी सुधार की जरूरत है। दरअसल, क्रिकेट में बाजार की इतनी बड़ी भूमिका रहती है कि शेष खेलों को आर्थिक मदद व तरजीह नहीं मिल पाती। जबकि एशियाड में भारत की धरती में फले-फूले खेलों की पताका लहरायी है। हमने परंपरागत हाकी और कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतकर देश की प्रतिष्ठा को कायम रखा है। वैसे एथलीटों व निशानेबाजों ने भी खूब कमाल किया। सौभाग्य की बात है कि एशियाड व अन्य खेलों में आम घरों व संघर्षों की तपिश में तपे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। अकसर सुनने को मिलता है कि एक सिक्योरिटी गार्ड या श्रमिक की बेटी ने सोने का तमगा जीता। वास्तव में इसे इन बच्चों की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जाना चाहिए। संसाधनों के अभाव व अच्छी डाइट न मिलने के बावजूद वे देश का सिर गर्व से ऊंचा करते हैं। विडंबना यह भी है कि जब कोई गुदड़ी का लाल अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतकर लाता है तो तब हम उसे पलक-पांवड़ों पर बैठा लेते हैं। लेकिन उसके बाद हम उसे भूल जाते हैं। अकसर खबरें आती हैं कि एशियाड पदक विजेता फलां जगह में मजदूरी कर रहा था, सब्जी बेच रहा था और जरूरतों के लिये मोहताज है। हमारे देश के नीति-नियंताओं को सोचना चाहिए कि खेल प्रतिभाओं को नौकरियां पक्ष यकीनी बनाएं। उनके लिये नौकरियां सुनिश्चित की जाएं। वैश्विक स्पर्धा के स्तर के अनुरूप नौकरियों का निर्धारण हो। इससे प्रतिभाओं में एक स्वस्थ प्रतियोगिता विकसित होगी। सबसे पहला काम यह होना चाहिए कि खेल संघों में राजनेताओं की एंट्री पर पूरी तरह रोक लगे। दूसरे, खेल प्रतिभाओं को दूर-दराज के इलाकों में तलाश कर तराशा जाए। जब कोई खिलाड़ी पदक जीतकर आता है तो सरकारें लाखों-करोड़ों के पुरस्कार देने की घोषणा करती हैं। वास्तव में इन खेल प्रतिभाओं को उनकी योग्यता-क्षमता के हिसाब से पहले आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए। ताकि वे अपनी खेल मेधा को तराश सकें और बेहतर परिणाम देश को दे सकें।

# इजराइल और फिलिस्तीन युद्ध बड़ी त्रासदी की ओर

**संजीव ठाकुर**

*भारत की तेल कंपनियों ने रूस से सस्ता तेल खरीदकर यूरोपीय देशों को तेल निर्यात किया है। चीन तो पहले से ही रूस से तेल खरीद रहा है अब पाकिस्तान ने भी रूस से तेल खरीदना शुरू कर दिया है। ऊर्जा संकट में यूरोपीय देशों के लिए भारत देवदूत बनकर उभरा है।*

ईरान के इशारे और उकसाने पर हमास ने पूरी तैयारी के साथ इसराइल के कई शहरों पर शनिवार की सुबह-सुबह 5000 रॉकेट से हमला बोलकर लगभग 700 नागरिकों और सैन्य तथा पुलिस के अधिकारियों सहित हत्या कर दी है साथ ही लगभग ढाई हजार लोग जख्मी भी हुए हैं। हमास एक पिलिस्तीनीआतंकवादी संगठन है जिसमें लगभग 25000 लडाके शामिल है। ईरान, पाकिस्तान और तुर्की समर्थित हमास उग्रवादी यह कभी नहीं चाहते थे कि अमेरिकी मध्यस्थता के फल स्वरुप इसराइल और सऊदी अरब सहित अन्य देशों के बीच संबंध अच्छे बने वह उसका लगातार विरोध करता आया है। हमास द्वारा यह भी दावा किया गया है कि उसने 50 इजरायली सैन्य अधिकारियों का अपहरण भी कर लिया है। इधर इसराइल ने भी दावा किया है कि उसने जवाबी हमले में लगभग 500 उग्रवादियों को मार गिराया है। न्यूज एजेंसी के अनुसार हमास ने जो इजरायली लोगों को बंधक बनाया है उनके बदले वह अपने उन आतंकवादियों की रिहाई करवाना चाहता है जो इजरायल के कब्जे में है ।हमास के लिए यह आक्रमण उसकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। हमास के इस भयानक हमले से इसराइल के नागरिक गहरे सदमे में है वह इसी तरह सदमे में है जैसे 9८ 11 के सदमे में अमेरिकी सहम गए थे। इसराइल के प्रधानमंत्री पर पहले से दबाव था कि हमास के विरुद्ध हमला कर उसे पर आक्रमण करें पर पर इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू इस आक्रमण से बचते रहे हैं पर अब हमास के इसराइल पर अमानवीय हमले के खिलाफ इसराइल के लोग भरपूर जवाब देने की मानसिक स्थिति में पहुंच चुके हैं। यह तो तय है कि हम आज का यह हमला केवल सशस्त्र संघर्ष नहीं है बल्कि यह एक सैन्य युद्ध की शक्ल में लड़ा जा रहा है और हमास के साथ ईरान, पाकिस्तान, तुर्की खुलकर सामने आ गए। इसराइल ने दावा किया है कि इस बार जो हमास के विरुद्ध युद्ध होगा वह दुश्मनों ने कभी सोचा और देखा नहीं होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन के इजरायली संस्थान एवं शोधकर्ता मार्क हीलर के अनुसार इस बार इसराइली नागरिकों पर बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक असर हुआ है उसे देखते हुए इसराइल बदला लेने के लिए कोई भी कीमत चुका सकता है। कुछ विश्लेषक यह मानते हैं कि 50 वर्ष पहले योग कीपर युद्ध की 50वीं वर्षगाठ पर अचानक हमास ने इसराइल के शहरों पर 5000 रॉकेट लॉन्चरों से हमला कर इजराइल में कोहराम मचा दिया है। न्यू यॉर्क टाइम्स के हवाले बताया गया कि अरब युद्ध से भी इस युद्ध की कई समानताएं हैं वर्ष 1973 में मिश्र, सीरिया की तरह इस युद्ध में हमास का लक्ष्य निश्चित रूप से रणनीतिक उद्देश्यों को लेकर है जो इसराइल को मारने अपंग करने से कहीं बढ़कर है। हमास इजरायली लोगों पर जितने भयानक हमले कर रहा है इसका स्पष्ट उद्देश्य विनाशकारी इजरायली प्रतिक्रिया को भड़काना ही है। हमास के इस हमले से इसराइल और सऊदी अरब के बीच हुए शांति समझौते को खंडित कर देगी। इस युद्ध से न केवल यहूदी राज्य के प्रति मुस्लिम विरोध भड़केगा बल्कि इसराइल को भी हमास तथा फिलिस्तीन अन्य संगठनों को खत्म करने की चाहत बढ़ जाएगी। इजराइल का विश्व स्तरीय खुफिया संगठन मोसाद की असफलता के कारण हमास ने इतना बड़ा हमला किया है अब इजरायल के विचार हमास को दंडित करने की नहीं है बल्कि उसकी समूल नष्ट करने का है और इसी के परिणाम स्वरुप इसराइल ने गाजा पट्टी पर ताबड़तोड़ हमले किए हैं और लगभग 500 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है वहां की कई इमारतें को नष्ट कर दिया है। पूरी की पूरी गाजा पट्टी फिलिस्तीन लोगों के कब्जे में है और इन उग्रवादियों का केंद्र भी है इसीलिए इजराइल का पूरा ध्यान इस गाजा पट्टी पर ही है। उल्लेखनीय है कि इसराइल के इस संकट के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस ,ऑस्ट्रेलिया,कनाडा ने अपना पूरा समर्थन इसराइल को दिया है और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन तुरंत आर्थिक मदद की भी घोषणा कर दी है। इसराइल के पास हमास के हमले से रक्षा करने के लिए आयरन डॉम रक्षात्मक प्रणाली थी जो हवा से हवा में मार करने वाला एयर डिफेंस सिस्टम है जो हमास पर हमले और उसको भयानक नुकसान करने वाला सिस्टम है ।अब इस रक्षात्मक आयरन डोम के असफल होने से फिलिस्तीन उग्रवादी हमास संगठन इतना बड़ा हमला कर पाया। इजराइल का उदय 1948 को हुआ था पर आज तक सऊदी अरब ने इसे मान्यता नहीं दी है अमेरिका यह चाहता है कि इसराइल और सऊदी अरब तथा अन्य मुस्लिम एशियाई देशों से इजरायल के संबंध सामान्य हो और यह देश इजराइल को मान्यता प्रदान करें। पर अब इजरायली और फिलिस्तीन आपसी युद्ध के कारण अमेरिका का प्रयास असफल होता प्रतीत हो रहा है। न्यूयॉर्क और एजेंसी के अनुसार 2006 की तरह हिजबुल आतंकवादी संगठन उत्तरी इजराइल में युद्ध का नया मोर्चा खोल सकता है कि हिजबुल आतंकवादी संगठन को इसराइल के कट्टर दुश्मन ईरान का पूरा समर्थन एवं सहयोग प्राप्त है और ईरान ही हिजबुल और हमास को इसराइल के विरुद्ध पूरी पूरी खुफिया जानकारी तथा हथियार की मदद करता आया है। हिजबुल की तरह पाकिस्तान और तुर्की भी इस युद्ध में हमास की तरफ से कूद पड़े हैं। अब यह तो तय है कि इजरायल पूरी तरह हमास और उसके कब्जे में गाजा पटी को समूल नष्ट करने के इरादे से अपने टैंक तथा वायु सेना से खुलकर आक्रमण कर रहा है। लेबनान में सक्रिय आतंकी संगठन हिजबुल अचानक इसराइल हमास युद्ध में कूद पड़ा है और उसने रविवार को इजरायली ठिकानों पर हमले भी किए हैं हिजबुल अपने को हमास का तथा फिलिस्तीन का समर्थन तथा साथी ही बताता है। मूलतः हिजबुल सिया आतंकी संगठन है जिसे ईरान समर्थन सहयोग देता है इसे 1975 से 90 तक चले लेबनान युद्ध की उपज माना जाता है।

# हाय रे जिदंगी इतनी सस्ती कब से हो गई

**डॉ. मनोज कुमार तिवारी**

जीवन में उतार-चढ़ाव होना इस जीवन रूपी प्रक्रिया का एक भाग है। सबके जीवन में खुशी और गम एक दूसरे के बाद दस्तक देते ही रहते हैं। देना भी चाहिए अन्यथा जीवन में न खुशी का मोल रह जाएगा और न ही दुख की व्यथा। वैसे भी, हम अपने जीवन की एक समान रफ्तार से थक जाते हैं। तो, सोचिए कि दुख की घड़ी में हमें कहीं न कहीं मन में आस अवश्य ही होगी खुशियों के आने की। दिल में कहीं न कहीं हमें यह विष्वास होगा कि बस अब खुशियां आती ही होंगी। फिर उस अपार दुख में जब भी खुशी का आगमन होता है तो उन आंनद के पलों के महत्व को बयां करना शायद किसी शब्द या शायरी के बस की बात नहीं। इसलिए शायद यह कहना गलत नहीं है कि खुशियों की आन-बान और शान दुख से ही है। दुख होगा, तकलीफ होगी, तभी हम खुशी का इंतजार करेंगे और उसके अस्तित्व को समझ पाएंगे। खैर, गलती यहीं हो जाती है कि लोग दुख से खुशी तक पहुंचने के इस सफर को पूरा नहीं कर पाते। वे बीच रास्ते में अपनी मंजिल से थोड़ी सी दूरी पर ही अपना दम तोड़ देते हैं। जो इस राह को समझ नहीं पाता या चल नहीं पाता वह अपने जीवन की इस प्रक्रिया को समाप्त करना ही बेहतर समझता है। खैर, अगर इन सब बढ़ती खुदकुशियों के कारणों की बात की जाए तो अक्सर हर केस में एक ही कारण ले देकर सामने आता है वह है-स्ट्रेस, तनाव, अवसाद। दरअसल, इस कलयुग में अवसाद रूपी राक्षस ने अपनी बाहों को इतना फैला दिया है कि युवा पीढ़ी से लेकर बुजुर्ग हर कोई इसकी चपेट में आ चुका है। तकनीक ने जितना विकास दिखाया है, उतनी ही तेजी खुदकुशी के केसों में भी देखी जा रही है। इस अवसाद ने तो इस कदर माया जाल बिछा दिया है कि लोगों को हर समस्या का सबसे बड़ा समाधान लगता है जीवन को खतम कर देना और अक्सर लोग ऐसा कर रहे हैं। मनचाही नौकरी या छोकरी न मिलने से लेकर पारिवारिक कलह, वजह चाहे कुछ भी हो, लोगों के पास एकमात्र उपाय बचता है-खुदकुशी। खुदकुशी के इस कारण तनाव या अवसाद को जानना बेहद आवश्यक है। आखिर यह तनाव या अवसाद क्या है? इस बारे में मनोचिकित्सक का कहना है कि आज के इस दौर में भौतिक सुख सुविधाएं एकत्र करना ही हर किसी का उद्देश्य बन गया है जिस के लिए हम सदा प्रत्यनशील रहते हैं। लेकिन मुश्किल यह है कि कुछ हासिल करने के बाद भी हम सुखी और संतुश्ट नहीं हो पाते और एक इच्छा के पूर्ण होते ही हमारे मन में दूसरी इच्छा उपजने लगती है जिस से हमारे अंदर तनाव पैदा हो जाता है। हर बार जो बदलाव के कारण तनाव उत्पन्न होता है वही डिप्रैशन कहलाता है। आप भी डिप्रैशन की चपेट में हैं अगर-आप सो नहीं पाते हैं या फिर आप ज्यादा सोने लगे हैं। आप किसी भी चीज पर उतना ध्यान नहीं लगा पाते जो कि आप पहले आसानी से कर पाते थे। आप उदास व निराश रहते हैं। भले आप कितना प्रयास कर रहे हों, तो भी आप अपने मन से चाहकर भी नकारात्मकता को निकाल नहीं पा रहे हैं। आप को भूख नहीं लगती या आप जरूरत से ज्यादा खाने लगे हैं। आप जरूरत से ज्यादा परेशान, गुस्सैल या चिढ़चिढ़े रहने लगे हैं। आप शराब या धूम्रपान करने लगे हैं, या ऐसी किसी गतिविधि ा में शामिल हो रहे हैं जो कि आप जानते हैं कि वह गलत है। आप को मन में यह विचार आते हों कि जीवन जीने का कोई फायदा नहीं है। मन की उ द ा स ी न त ा (डिप्रैशन)दिन-प्रतिदिन हमारे समाज में बढ़ती जा रही है। यह माना जाता है कि अगर आम जनता का सर्वेक्षण किया जाए तो लगभग 5-10 प्रतिशत लोग डिप्रैशन से पीडिढत हैं। यह एक कड़वा सच है कि इनमें से दो-तिहाई लोग डिप्रैशन का कोई इलाज नहीं कराते। ये लोग या तो डिप्रैशन को एक बीमारी न मानकर उदासीनता से भरी जिन्दगी जीते रहते हैं या फिर उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सही इलाज करने से इस बीमारी का इलाज किया जा सकता है। इसलिए आम जनता में डिप्रैशन के बारे में जागरुकता लाने की तथा इस बीमारी के बारे में अवधाराणाओं को दूर करने की जरूरत है। डिप्रैशन ज्यादातर 25 से 45 वर्ष की उम्र के लोग को प्रभावित करता है। परंतु बच्चों एवं वृद्धावस्था में भी यह बीमारी हो सकती है। बच्चों में डिप्रैशन के लक्षण कुछ अलग होते हैं जैसे कि चिढ़चिढ़ापन, कहना न मानना, पढ़ाई में ध्यान न देना, स्कूल न जाने के बहाने बनाना इत्यादि। बच्चों में डिप्रैशन को पहचानना इसलिए मुमकिन होता है, क्यों कि इनमें मन की उदासीनता, नाउम्मीदी के ख्याल या अपने आपको खत्म करने के विचार आम तौर पर देखे नहीं जाते। डिप्रैशन औरतों में मर्दों की तुलना में 2-3 गुना ज्यादा पाया जाता है। डिप्रैशन समाज के हर वर्ग को प्रभावित करता है। यह सोचना गलत है कि जिन लोगों के पास जिन्दगी के सब ऐशो-आराम है उन लोगों को डिप्रैशन नहीं हो सकता। डिप्रैशन के क्या कारण है? आज के आधुनिक अनुसंधान और शोध ा कार्यों ने साबित कर दिया है कि डिप्रैशन अन्य बीमारियों की तरह एक ऐसी बीमारी है जिसका इलाज संभव है। हमारा दिमाग जो सारे शरीर का नियंत्रण करता है करोड़ों छोटी-छोटी कोशिकाओं का बना है। उन्हें न्यूरोन्स कहा जाता है। एक न्यूरोन दूसरे न्यूरोन्स से संपर्क कुछ खास पदार्थों के जरिए करता है। इन पदार्थों को न्यूरोट्रांसमीटर कहा जाता है। दिमाग में कुछ ऐसे न्यूरोसमीटर है जिनकी मात्रा में बदलाव आने से डिप्रैशन हो जाता है। वक्त के साथ डिप्रैशन बढने से दिमाग की कोशिकाओं में ऐसे बदलाव आ जाते हैं, जिनसे मरीज के मन में स्वयं को खत्म करने के विचार आने लगते हैं। खुशकिस्मती से ये सारे बदलाव दवाओं अथवा साइकोथैरेपी (मनोचिकित्सा) द्वारा ठीक किए जा सकते हैं। यह जरूरी नहीं है कि डिप्रैशन के हर मरीज को जिन्दगी में ऐसी कुछ दुरूखद घटनाएं हुई हों जो डिप्रैशन का कारण बनती है। आधे से ज्यादा मरीजों में डिप्रैशन बिना किसी पारिवारिक या सामाजिक कारण के हो जाता है।डिप्रैशन का इलाज आसान है। इलाज के चार तरीके हैं। 1। दवाएं, 2। साइकोथैरेपी (मनोरोग विशेशज्ञ द्वारा बातचीत) 3। इलेक्ट्रोकनवल्सिव थैरेपी (बिजली द्वारा इलाज), 4। उन बीमारियों का इलाज जिनके कारण डिप्रैशन हो जाती है। आज भारत में डिप्रैशन दूर करने वाली अधिकतर दवाएं उपलब्ध हैं। मनोरोग विशेशज्ञ की सलाह के अनुसार इनके सेवन से कई प्रकार की उदासी दूर की जा सकती है। दवाओं के साथ-साथ बातचीत द्वारा भी इलाज किया जाता है। जिसे साइकोथैरेपी कहा जाता है। यह मनोरोग विशेशज्ञों द्वारा की जाने वाली विशेश बातचीत होती है। जिसमें मरीज के मन की दशा को समझकर जिन्दगी में आने वाली मुष्किलों का सामना करने के तरीके सिखाएं जाते हैं और प्रोत्साहित किया जाता है।जब डिप्रैशन इतनी बढ़ गई हो कि मरीज आत्महत्या की सोचने लगे या उसे यह लगने लगे कि वह कभी भी ठीक नहीं होगा तो इलेक्ट्रानिनवल्सिव थैरेपी (ईसीटी) यानी बिजली द्वारा भी इलाज किया जा सकता है। इस इलाज के बारे में आम जनता में बहुत ही भ्रांतियां मगर यह एक सुरक्षित और असरदार इलाज है। मरीज को कोई तकलीफ पहुंचाए। बिना इस इलाज से जल्दी ठीक किया जा सकता है। वरिष्ठ मनोवैज्ञानिक डॉ मनोज तिवारी का कहना है कि आत्महत्या किसी भी समस्या का समाधान नहीं है बल्कि इस आत्मघाती व्यवहार से आत्महत्या करने वाले व्यक्ति का परिवार अनेक समस्याओं से घिर जाता है। समाज के प्रत्येक वर्ग में आत्महत्या की दर बढ़ती जा रही है जिसे सामाजिक जागरूकता एवं व्यक्ति में आत्महत्या के विचार आने पर उसमें आ रहे व्यवहारिक परिवर्तनों की समय से पहचान करके मनोवैज्ञानिक परामर्श एवं मनोचिकित्सा के माध्यम से आत्महत्या को टाला जा सकता है। आत्महत्या निवारण में परिवार एवं मित्रों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। प्रत्येक व्यक्ति को यह पता होना चाहिए की 25 लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं तो उसमें केवल एक ही व्यक्ति अपनी जान गवाता है, जो बच जाते हैं उन्हें पहले से अधिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसलिए अपने कौशल एवं क्षमताओं का विकास कर परिस्थिति का सामना करें दुनिया में कोई ऐसी समस्या नहीं है जिसका समाधान न हो।

# रोकना होगा इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध

लगभग पौने दो वर्षों से दुनिया रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के रुकने का बेसब्री से इंतजार कर ही रही है, वहीं उसके सामने एक और बड़ी लड़ाई आकार लेती हुई नजर आ रही है। फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास द्वारा शनिवार के तड़के केवल 20 मिनटों में इजराइल पर पांच हजार रॉकेट दाग दिये गये। इससे इजराइल व गाजा पट्टी में 500 लोगों के मरने की खबर है, जिनमें 26 इजराइली सैनिक हैं। दक्षिणी इजराइल के बिर्शेबा नामक शहर में 750 इजराइली नागरिक घायल हुए हैं। अनेक बेहद गम्भीर है। इसका जवाब देते हुए इजराइल ने गाजा पट्टी के 17 फिलिस्तीनी मिलिट्री शिविरों और चार सेना मुख्यालयों पर बड़ा हमला बोल दिया। दक्षिणी लेबनान पर उसने बम बरसाए हैं। इससे करीब 200 फिलिस्तीनियों की मौत हुई तथा डेढ़ हजार से भी अधिक लोग घायल हुए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ऐलान किया है कि श्उनका देश युद्ध में शरीक हो गया है।श अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन आदि पश्चिमी देशों के साथ यूरोपियन यूनियन ने इजराइल का समर्थन किया है। दूसरी तरफ ईरान ने हमास को इस हमले के लिये बधाई देते हुए उसे आश्वस्त किया है कि इजराइल के खिलाफ लड़ाई में वह फिलिस्तीन व यरूशलम की आजादी तक उसका साथ देगा। अरब देशों के साथ इजराइल की लड़ाई का इतिहास करीब एक सदी पुराना है, यानी इजराइल को स्वतंत्र देश बनने के भी पहले से। अनेक बार इजराइल अपने मुस्लिम बहुल 8 पड़ोसी मुल्कों से उलझता रहा है जिस दौरान इनके बीच कई जंगें हो चुकी हैं। हालांकि 1978 के मध्य में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर के निमंत्रण पर तब के इजराइली पीएम मेनाकेम बेगिन एवं एक युद्धरत देश मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात के बीच कैंप डेविड में शांति समझौता हुआ था लेकिन अन्य देशों के साथ ऐसा कोई माहौल कभी नहीं बन पाया। इन देशों के साथ इजराइल के हुए अनेक छोटे-बड़े संघर्षों ने फिलिस्तीन को अपनी जमीन खोने पर मजबूर ही किया। जहां तक ताजा लड़ाई की बात है, तो इसके आसार इस साल के अप्रैल से बनने लगे थे जब इजराइली पुलिस ने अल अक्सा मस्जिद में ग्रेनेड फेंककर इसे अपवित्र किया था। इस धर्म स्थल पर दोनों (इजराइल-फिलिस्तीन) अपना हक जताते हैं। यहूदी इसकी पश्चिमी दीवार को यहूदी मंदिर का अंतिम अवशेष मानते हैं तो वहीं फिलिस्तीनियों की मान्यता है कि यह अल बराक मस्जिद की दीवार है। उनके लिहाज से मक्का व मदीना के बाद यह मुस्लिमों के लिये सबसे पवित्र स्थान है। 1970 के दशक में एक समझौता हुआ था कि गैर मुस्लिम यहां आ सकते हैं परन्तु वे कोई धार्मिक अनुष्ठान नहीं कर सकेंगे। पिछले दिनों इसलिये विवाद भड़का क्योंकि यहां आकर कुछ यहूदियों ने पूजा करने की कोशिश की थी। हमास ने यह आक्रमण ऐसे दिन पर (शनिवार को) बोला जब यहूदियों का पवित्र त्यौहार सिमचौट टोरा मनाया जा रहा था। इजराइल इन दिनों अपने अंदरूनी विवादों में भी व्यस्त है। सरकार द्वारा न्यायपालिका के अधिकारों में कटौती करने वाले कदमों के खिलाफ वहां जन आंदोलन जारी हैं। इतना ही नहीं, 6 अक्टूबर को 1973 के युद्ध की 50वीं वर्षगांठ भी थी ।वैसे तो युद्ध की स्थिति तक पहुंचने के कई कारण हैं लेकिन इसके सम्भावित परिणामों पर विचार किये जाने की आवश्यकता है। रूस व यूक्रेन के बीच युद्ध में नाटो के तहत जो तमाम पश्चिमी देश यूक्रेन के साथ खड़े हैं वे इजराइल के भी साथ हैं। इसके कारण एक बार फिर से दुनिया के देश ईसाई और मुस्लिम खेमों में बंट जायेंगे। ईसाई देशों का समर्थन स्वाभाविकतरू इजराइल के साथ है तो वहीं मुस्लिम देश फिलिस्तीन के साथ हैं। इसमें भी जिस प्रकार से ईरान ने खुलकर हमास द्वारा किये गये हमलों का स्वागत किया है, अगर वह फिलिस्तीन के समर्थन में बाकायदे लड़ाई के मैदान में उतर आता है तो स्थिति विकट हो सकती है। तुर्किए भी फिलिस्तीन को समर्थन दे सकता है तो वहीं चीन का झुकाव भी फिलिस्तीन की ही ओर होगा। भारत ने इजराइल के साथ एकजुटता दिखलाई है। मध्य पूर्व के इन देशों के पास खतरनाक हथियारों के जखीरें हैं। स्वयं हमास, जिसकी गतिविधियां संचालित करने का केन्द्र गाजा पट्टी है, ड्रोन और रॉकेटों से हमले करने में सक्षम है। यूक्रेन की लड़ाई बहुत लम्बे समय तक न चलने के अनुमान लगाए गए थे लेकिन अब इस लड़ाई को पौने दो वर्ष होने को आए हैं, तो भी कोई संकेत दिखलाई नहीं पड़ रहे हैं कि यह थमेगा। इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर कैसा पड़ा है- यह सभी देख रहे हैं। ऐसे में अगर दुनिया को एक और युद्ध झेलना पड़े तो वह उसे झेल नहीं पाएगा।



## जो जोनस से तलाक की खबरों के बीच

# सोफी टर्नर

## ने शेयर किया नया पोस्ट, Taylor Swift से है खास कनेक्शन

ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा के ससुराल में इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है. प्रियंका के जेठ-जेठानी जो जोनस और एक्ट्रेस सोफी टर्नर पिछले कुछ दिनों से तलाक को लेकर चर्चा में बने हुए हैं. कपल ने शादी के 4 साल बाद अलग होने का फैसला लिया है. वहीं फिलहाल दोनों दोनों अपनी बेटियों विला और डेल्फिन की कस्टडी को लेकर विवाद जारी है.

**चर्चा में है सोफी टर्नर की नई पोस्ट**

वहीं तलाक की खबरों के बीच सोफी टर्नर ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर की थी, जिसे उन्होंने बाद में डिलीट कर दिया. एक्ट्रेस ने अपने इंस्टा स्टोरी पर एक अपने हाथ की एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें उन्होंने एक फ्रेंडशिप बैंड पहन रखा था. वहीं इस बैंड पर फीयरलेस लिखा हुआ था. बता दें कि सोफी की अच्छी दोस्त टेलर स्विफ्ट के एलबम का टाइटल नाम फीयरलेस है. वहीं इसे शेयर करने के कुछ देर बाद सोफी ने इसे डिलीट कर दिया था.

**सोफिया ने अपने पति जो के खिलाफ दर्ज किया था केस**

बता दें कि हाल ही में सोफिया ने अपने पति जो के खिलाफ केस दर्ज करवाया था. सोफी के आरोप थे कि जो ने बच्चों का पासपोर्ट अपने पास रख लिखा है, ताकि वह बच्चों को आपने पास रख सके. उन्होंने बच्चों की इंग्लैंड वापसी को रोक लगा दिया है. अंग्रेजी कानून के तहत ये मां के अधिकारों का उल्लंघन है. इंग्लैंड





बच्चों का असली घर है. ऐसे में सोफी चाहती हैं कि जो उन्हें पासपोर्ट सौंप दे और वह अपनी बेटियों को लेकर इंग्लैंड वापस चली जाए.

**सोफी ने आरोपों पर जो ने कही ये बात**

वहीं सोफी के इन आरोपों पर जो ने भी अपनी चुप्पी तोड़ी. उन्होंने कहा कि जब अपहरण जैसा शब्द का इस्तेमाल होता है, तो यह मीसलीड करने जैसा हो जाता है. बुरे वक्त में कानूनी व्यवस्था का गलत इस्तेमाल होता है. वहीं सूत्रों के मुताबिक, जो दोनों बच्चों की जिम्मेदारियों को बांटने के लिए तैयार हैं. वे चाहते हैं कि उनकी बेटियों की परवरिश यूके और यूएस दोनों जगहों पर हो.

# विद्या बालन

## बन चुकी हैं मां? दुनिया से छिपाकर पाल रहीं सीक्रेट बेटी? एक्ट्रेस ने अब इन रुमर्स पर तोड़ी चुप्पी, बताया क्या है सच

क्या विद्या बालन एक बेटी की मां हैं? क्या उन्होंने दुनिया से अपनी बेटी छिपाकर रखी है? पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर ये चर्चा हो रही है. ये सब तब शुरू हुआ जब 44 साल की एक्ट्रेस एयरपोर्ट पर एक बच्ची के साथ नजर आई थी. एक्ट्रेस की बच्ची संग वीडियो को पोस्ट करते हुए पैप्स ने लिखा था, विद्या अपनी क्यूट बेटी



के साथ'. बस इसी के बाद से एक्ट्रेस की सीक्रेट बेटी के रुमर्स उड़ने लगे. वहीं अब एक्ट्रेस ने खुद इन अफवाहों पर रिएक्शन दिया है और सच बताया है कि आखिर बच्ची के साथ उनका क्या कनेक्शन है?

**सीक्रेट बेटी होने के रुमर्स पर विद्या बालन ने तोड़ी चुप्पी ?**

दरअसल एचटी सिटी को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस विद्या बालन ने सीक्रेट बेटी होने के रुमर्स पर चुप्पी तोड़ी और सारा सर बताया. बालन ने कहा, वह मेरी बहन की बेटी इरा है। उसके जुड़वां बच्चे हैं.

एक लड़का रूहान और इरा. विद्या के इस खुलासे के बाद ये साफ हो गया है कि एक्ट्रेस की कोई सीक्रेट बेटी नहीं है और हां फैंस को इस बात का भी पता चल गया है कि विद्या अपने बहन के बच्चों को मां की तरह ही प्यार करती हैं. वे उन्हें अपनी ट्विन लाइफलाइन्स कहती हैं.यहां बता दे कि विद्या बालन ने फिल्म मेकर सिद्धार्थ रॉय कपूर से शादी की है. इस जोड़ी की शादी को 11 साल हो गए हैं और अभी तक विद्या मां नहीं बनी हैं.

**विद्या बालन वर्कफ्रंट**

वहीं प्रोफेशनल फ्रंट की बात करें तो विद्या बालन को आखिरी बार थिएट्रिकल रिलीज फिल्म 'नियत' में देखा गया था. इस फिल्म में उन्होंने एक जासूस की भूमिका निभाई थी. जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'लवर्स' में दिखाई देंगी, जिसमें इलियाना डिक्रूज और प्रतीक गांधी उनके साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे.



## शिल्पा शेट्टी के पति Raj Kundra करने जा रहे हैं बॉलीवुड डेब्यू, फराह खान ने फिल्म का जिम्मा उठाने से किया मना





बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति बिजनेसमैन राज कुंद्रा के लिए साल 2021 काफी बुरा साबित हुआ. %एडल्ट फिल्म स्कैंडल% केस में जेल की हवा खा चुके राज कुंद्रा खूब सुर्खियों में रहें. वहीं जेल से बाहर आने के बाद राज कुंद्रा ने मीडिया के सामने हमेशा अपना चेहरा छुपा कर रखा. चाहे कोई भी पब्लिक इवेंट्स हो या एयरपोर्ट लुक, राज कुंद्रा हमेशा ने अपने अजीबो-गरीबो मुखौटे से चेहरा छुपा कर ही रखा है.

**बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं राज कुंद्रा**

वहीं अब राज कुंद्रा को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है. वैसे तो पिछले लंब समय से बिजनेसमैन राज कुंद्रा बहुत के एक्टिंग डेब्यू को लेकर खबरें आ रही थीं. वहीं अब इस बात का खुलासा भी हो गया है. जी हां, थोड़े देर पहले राज कुंद्रा ने सोशल मीडिया पर अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर घोषणा की है. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें राज के अलावा फराह खान और मुनव्वर फारूकी भी नजर आ रहे हैं. ये तीनों किसी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बैठे हुए नजर आ रहे हैं.

**फराह खान ने फिल्म का जिम्मा उठाने से किया मना**

इस दौरान मीडिया फराह से सवाल करती हैं कि मैम आपने ये फिल्म क्यों बनाई? इसपर मुनव्वर कहते हैं कि पैसे के लिए... इसके बाद फराह गुस्से में बार-बार येही बोलती हुई नजर आई कि उन्होंने ये फिल्म नहीं बनाई है. फिर मीडिया उनसे सवाल करती है कि आखिर ये फिल्म बनाई किसने है? तो दोनों राज कुंद्रा की तरफ इशारा करते हुए कहते हैं कि इसने बनाई है और फिल्म का हीरो भी ये ही है.

**इस दिन रिलीज होगी फिल्म**

इसके बाद फराह खान और मुनव्वर फारूकी प्रेस कॉन्फ्रेंस से उठकर चल देते हैं. फिर वहां अकेले बैठे राज कुंद्रा बताते हैं कि 3 नवंबर को उनकी फिल्म रिलीज होने वाली है.

## सलमान खान की Mystery Girl का चेहरा हुआ रिवील, फोटो देख हैरान रह जाएंगे आप






सलमान खान ने बीते दिन रविवार 8 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर तहलका मचा दिया था. बॉलीवुड के भाईजान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर किसी लड़की के साथ एक फोटो शेयर की थी. इस फोटो में अजनबी हसीना का चेहरा रिवील नहीं किया गया था. इसमें बस उनकी पीठ दिख रही थी, जहां इस मिस्ट्री गर्ल ने एक्टर के कंधे पर अपना सिर रखा हुआ था. इस तस्वीर को शेयर करते हुए सलमान खान ने लिखा था मैं हमेशा आपके साथ खड़ा रहूंगा...

**सलमान खान की मिस्ट्री गर्ल का चेहरा हुआ रिवील**

वहीं इस पोस्ट ने फैंस के बीच हलचल मचा दी थी. बॉलीवुड के मोस्ट एलिजिबल एक्टर होने के नाते हर कोई यही कयास लगा रहा था कि शायद भाईजान शादी करने वाले हैं. वहीं अब सलमान खान ने इस मिस्ट्री गर्ल का चेहरा दिखा दिया है. सुपरस्टार ने थोड़े देर पहले एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें इस मिस्ट्री गर्ल का खुलासा हो गया है. इस फोटो में सलमान खान की भांजी एलिजा अग्निहोत्री नजर आ रही हैं.

**टाइगर 3 दिवाली पर होगी रिलीज**



वहीं टाइगर 3 की बात करें तो कैटरीना और सलमान खान की यह फिल्म दिवाली के खास मौके पर रिलीज हो रही है. सलमान के फैंस भी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिले हैं. फिल्म में जोया और टाइगर की जोड़ी को दोबारा देखने के लिए फैंस बेहद एक्साइटेड नजर आ रहे हैं.

## शुभमन गिल को अस्पताल से छुट्टी, पाकिस्तान के खिलाफ खेलने पर अभी भी सस्पेंस

**नई दिल्ली।** डेंगू से जूझ रहे भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के प्लेटलेट एक लाख से नीचे गिरने के कारण उन्हें चेन्नई में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिन्हें छुट्टी मिल गई है हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में उनका खेलना संदिग्ध है। पिछले सप्ताह चेन्नई आने के बाद गिल को डेंगू संक्रमित पाया गया था। वह बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का दूसरा मैच भी नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'शुभमन को चेन्नई में टीम होटल में ड्रिप चढ़ाई जा रही थी लेकिन उनके प्लेटलेट गिरकर 70000 हो गए। एक बार एक लाख से नीचे प्लेटलेट जाने पर अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी है। प्लेटलेट एक लाख से ऊपर जाने पर उसे छुट्टी मिल जाएगी। समझा जाता है कि गिल को चेन्नई के कावेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और भारतीय टीम के डॉक्टर रिजवान उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए हैं । डेंगू शरीर को कमजोर कर देता है और उससे उबरने में समय लगता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी कहा है कि उनकी प्राथमिकता यह देखना है कि गिल जल्दी से ठीक हो जाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से पहले कहा था, 'मुझे उसके लिए बुरा लग रहा है। मैं पहले इंसान हूं तो मैं चाहूंगा कि वह जल्दी ठीक हो जाए। यहां कप्तान की तरह नहीं सोच रहा हूं कि गिल को कल खेलना चाहिए। वह युवा है और उम्मीद है कि जल्दी ठीक होगा।'



## प्वाइंट टेबल में हुआ फेरबदल, भारत 5वें स्थान पर, यह है टॉप स्कोरर-विकेटटेकर

**नई दिल्ली।** क्रिकेट विश्व कप 2023 के छठे मुकाबले में न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड के ऊपर 99 रन से जीत हासिल कर ली।

**World Cup Point Table**

| POS | TEAM | PLAYED | WON | LOST | T | NR | NRR | POINTS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NZ | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | +1.958 | 4 |
| 2. | SA | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | +2.040 | 2 |
| 3. | PAK | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | +1.620 | 2 |
| 4. | BAN | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | +1.438 | 2 |
| 5. | IND | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | +0.883 | 2 |
| 6. | AUS | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.883 | 0 |
| 7. | AFG | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -1.438 | 0 |
| 8. | NED | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.800 | 0 |
| 9. | SL | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.040 | 0 |
| 10. | ENG | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.149 | 0 |

न्यूजीलैंड इसी के साथ प्वाइंट टेबल में टॉप पर आ गया है। उन्होंने विश्व कप ओपनर में इंगलैंड को भी हराया था। बहरहाल, प्वाइंट टेबल में साऊथ अफ्रीका बड़ी जीत के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनकी नैट रन रेट 2 से ज्यादा है। तीसरे पर पाकिस्तान तो चौथे नंबर पर बांग्लादेश बनी हुई है। भारत अभी पांचवें स्थान पर हैं। वहीं, इंगलैंड 10वें स्थान पर।

## नीदरलैंड को हराकर Tom Latham ने दिया ईशारा- कब होगी केन विलियमसन की टीम में वापसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने आखिरकार विश्व कप अभियान के अपने दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड को 99 रनों से हरा दिया। जीत के बाद कीवी कप्तान टॉम लैथम ने केन विलियसमन ) की वापसी को लेकर ईशारा दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम जल्द पूरी टीम उपलब्ध होने से दूर नहीं हैं। बता दें कि विलियसमन चोट के कारण न्यूजीलैंड के पहले दोनों मुकाबलों में खेल नहीं पाए थे। अब लैथम के बयान के बाद उनकी वापसी होती नजर आ रही है।

टॉम लैथम ने मैच पर बात करते हुए कहा कि आज स्पिनर बढ़िया रहे। मिच (सैंटनर) को आखिर पुरस्कार मिला। लड़कों ने पहले खेलते हुए अच्छा काम किया। उसे (लॉकी को) वापस देखकर बहुत अच्छा लगा। आप जिस भी मैदान पर जाते हैं, वह अनुकूलन के बारे में होता है। हमने गेंदबाजी की और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। हम साझेदारियां बनाने में कामयाब रहे। बोर्ड पर शानदार स्कोर बनाया और गेंदबाजों ने शानदार काम किया। उधर, नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड ने कहा कि हम पहले 40 ओवरों तक अच्छे थे लेकिन वह आखिरी 3 ओवरों में आगे निकल गए। अगर हम उन्हें 280 तक रोक लेते तो कुछ भी संभव हो सकता था। रात को विकेट अच्छी हो गई थी। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की और उन्होंने हमे इसे आसान नहीं बनाने दिया। यहां बड़ी पारी चाहिए थी। 50 या 60 रन से मैच नहीं जीत सकते।

## 5 विकेट लेकर बोले Mitchell Santner- मैंने जडेजा को इन पिचों पर गेंदबाजी करते हुए करीब से देखा है

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए विल यंग, रचिन रविंद्र और टॉम लैथम के अर्धशतक की मदद से 7 विकेट पर 322 रन बनाए थे। जवाब में नीदरलैंड की टीम 223 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनर 5 विकेट निकालने में सफल रहे। उनकी यह पारी विश्व कप में न्यूजीलैंड के किसी स्पिनर की सबसे बैस्ट पारी है। सैंटनर को उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने मैच के बाद अपनी गेंदबाजी सफलता का एक श्रेय भारतीय स्पिनर रविंद्र जडेजा को भी दिया। सैंटनर ने मैच के बाद कहा कि इन पिचों पर गेंदबाजी करना आसान नहीं होता। मैंने लंबे समय तक रविंद्र जडेजा को ऐसी पिचों पर गेंदबाजी करते हुए करीब से देखा है। यह आपको कहीं न कहीं फायदा देता है।



मैच जीतने के बाद सैंटनर बोले- बल्लेबाजी में आज आगे रहने वाले साथियों को श्रेय दूंगा जिन्होंने आज हमें एक अच्छा मंच दिया। बीच में थोड़ा सा टीम रुकी लेकिन हम 320 के स्कोर को पार करने में कामयाब रहे। गेंद की बात करूं तो रोशनी में यह थोड़ी फिसली लेकिन हमने इसे रोक लिया। आज रात मैंने अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी नहीं की लेकिन पुरस्कार पाकर खुश हूं। हमारी कोशिश लगातार विकेट लेने की थी जिसमें हम कामयाब रहे। आज पिच दूसरी पारी में धीमी हो गई थी।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

न्यूजीलैंड : डेवोन कॉनवे, विल यंग, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर/कप्तान), ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, मिशेल सेंटनर, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, ट्रेंट बोल्ट

नीदरलैंड्स : विक्रमजीत सिंह, मैक्स ओ'डॉउड, कॉलिन एकरमैन, बास डी लीडे, तेजा निदामानुरु, स्कॉट एडवर्ड्स (विकेटकीपर/कप्तान), साइब्रैंड एंगेलब्रेक्ट, रूलोफ वैन डेर मेरवे, रयान क्लेन, आर्यन दत्त, पॉल वैन मीकेरेन

## राइफल शूटिंग प्रतियोगिता : सीनियर में सुगंधा, जूनियर में वंशिका अव्वल

**मुरादाबाद।** जनपद स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं निशानेबाजी का हुनर दिखाया। सीनियर वर्ग में सुगंधा प्रथम स्थान पर रहीं, तो जूनियर वर्ग में वंशिका ने प्रथम स्थान की दावेदारी की। अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज के तत्वावधान में मैथाडिस्ट ईस्ट कॉलेज में जनपद स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राइफल शूटिंग प्रतियोगिता बालिका वर्ग में मिशन मेथाडिस्ट की जूनियर और सीनियर वर्ग में 10 छात्राओं ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में अंबिका प्रसाद, चित्रगुप्त ,पारकर और जीजी हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के 20 छात्रों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सुगंधा ने प्रथम स्थान, खुशी दिवाकर ने द्वितीय स्थान व वसुंधरा ने तीसरे स्थान पर अपना कब्जा जमाया। वहीं जूनियर वर्ग में वंशिका प्रथम स्थान पर रहीं। सायना दूसरे और साक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मिशन मेथाडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रेनुका जुएल, जिला क्रीड़ा एसोसिएशन के जिला सचिव वंश बहादुर, मुस्लिम हैबिट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आफताब हुसैन, खेल प्रभारी क्लेरिस और शारीरिक शिक्षक सोनिया उपस्थित रहे।



## न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड को 99 रनों से हराया

**हैदराबाद ।** हैदराबाद के मैदान पर न्यूजीलैंड ने विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड को 99 रनों से हरा दिया। विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड की भिड़ंत इंगलैंड से हुई थी जिसमें रचिन रवींद्र और डिरेल मिचेल के शतकों की बदौलत जीत हासिल कर ली थी। नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले में भी न्यूजीलैंड हावी रहा।

पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने विल यंग, रचिन रविंद्र और टॉम लैथम के अर्धशतक की मदद से 7 विकेट पर 322 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की टीम मजबूती से लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई। उनके नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। कॉलिन एकरमैन ने 69 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनर पांच विकेट निकालने में सफल रहे। नीदरलैंड 223 रन ही बना सका और 99 रनों से मुकाबला गंवा दिया।

इससे पहले टॉस हार बल्लेबाजी करने उतरे न्यूजीलैंड ने यंग (80 गेंद में 70 रन) और रविंद्र (51 गेंद में 51 रन) के बीच दूसरे विकेट की 77 रन की साझेदारी से अच्छा मंच तैयार किया। कप्तान लैथम ने अंत में 46 गेंद में 53 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। नीदरलैंड के गेंदबाजों ने हालांकि धीमी पिच पर अपनी गेंदबाजी से प्रभावित भी किया। पारी की शुरुआत में ही नीदरलैंड के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाजों को लगातार तीन मेडन ओवर डाले। यंग ने चौथे ओवर में रेयान क्लेन पर दो चौके जड़कर न्यूजीलैंड का खाता खोला। डेवोन कॉनवे (32) ने क्लेन के साथ गेंदबाजी का आगाज करने वाले स्पिनर आर्यन दत्त पर लांग ऑन पर छक्का मारा।कॉनवे हालांकि रन गति बढ़ाने के प्रयास में बाएं हाथ के स्पिनर रोलोफ वान डेर मर्व (56 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बास डी लीडे को कैच दे बैठे



जिससे पहले विकेट की 67 रन की साझेदारी का अंत हुआ। इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शतक जड़ने वाले रविंद्र और यंग ने इसके बाद पारी को संभाला। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अच्छी लय में दिखे लेकिन नीदरलैंड के गेंदबाज भी रन गति पर अंकुश लगाने में सफल रहे।

यंग और रविंद्र हालांकि अर्धशतक पूरे करने के बाद क्रमशः पॉल वान मीकेरन (59 रन पर दो विकेट) और वान डेर मर्व का शिकार बने। यंग ने वान मीकेरन की गेंद को पुल करने की कोशिश में बास डी लीडे को कैच थमाया जबकि रविंद्र विकेटकीपर स्कॉट एडवर्ड्स को कैच दे बैठे। लैथम और डेरिल मिशेल (47 गेंद में 48 रन) ने चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़कर रन गति में इजाफा किया। लैथम जब अर्धशतक पूरा करने के बाद दत्त की गेंद पर स्टंप होकर 7वें बल्लेबाज के रूप में पवेलियन लौटे तो टीम का स्कोर 49वें ओवर में 293 रन था। मिशेल सेंटनर ने 17 गेंद में नाबाद 36 रन की पारी खेली जिससे न्यूजीलैंड अंतिम तीन ओवर में 50 रन जोड़ने में सफल रहा। जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की टीम शुरूआत अच्छी नहीं कर पाई। विक्रमजीत सिंह 12 तो मैक्स 16 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद कोलिन ने बास डी लीडे और तेजा के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया लेकिन न्यूजीलैंड के गेंदबाज विकेट लेकर गेम पर हावी हो गए। कोलिन ने 73 गेंदों पर 69 रन बनाए जबकि बास डी लीडे ने 18 तो तेजा ने 21 रनों का योगदान दिया। मध्यक्रम में कप्तान स्कॉट एडवर्ड ने 27 गेंदों पर 30 तो साइब्रेंड ने 29 रनों का योगदान दिया।

न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। खास तौर पर स्पिनर मिशेल सेंटनर 10 ओवर में 59 रन देकर 5 विकेट निकालने में सफल रहे। मैट हेनरी ने 40 रन देकर 2 विकेट हासिल कीं। इसी तरह रचिन रविंद्र एक विकेट हासिल करने में कामयाब रहे।

## बांग्लादेश के खिलाफ मैच में बेन स्टोक्स के खेलने की संभावना नहीं : बटलर

**धर्मशाला।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में इंग्लैंड का दूसरा मैच धर्मशाला में बांग्लादेश के खिलाफ है। मैच से पहले इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टीम के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की उपलब्धता को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि स्टोक्स पूर्ण फिटनेस की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन उनके कल के मैच में खेलने की संभावना नहीं है।

इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को कूल्हे में चोट है, जिस कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप के शुरुआती मैच में भी नहीं खेल पाए थे। अब कल के मैच में भी उनके खेलने की संभावना नहीं है। जोस बटलर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में



स्टोक्स की फिटनेस के बारे में कहा कि उन्हें नेट्स में वापस आते और पूर्ण फिटनेस की ओर बढ़ते हुए देखना अच्छा है लेकिन शायद कल उनके खेलने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड विश्वकप का अपना पहला मैच न्यूजीलैंड से नौ विकेट से हार गया था। इस पर इंग्लैंड कप्तान ने कहा कि उनकी टीम का ध्यान आगामी मैच पर है और वो न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली शिकस्त की निराशा को पीछे छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि हां बिल्कुल, (अगली गेम के लिए) बहुत उत्सुक हूं। हम जानते हैं कि हमने पिछली गेम में उतना अच्छा नहीं खेला जितना हम कर सकते थे। उन्होंने कहा कि टीम में काफी भूख है और हम मैदान पर वापस आने के लिए उत्साहित हैं।

## अफगानिस्तान के खिलाफ भी नहीं खेल सकेंगे शुभमन गिल, बीसीसीआई ने दिया अपडेट

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ 11 अक्टूबर को मैच में नहीं खेल पाएंगे। वह टीम के साथ दिल्ली की यात्रा नहीं करेंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गिल को लेकर मेडिकल अपडेट जारी किया है कि गिल चेन्नई में ही रुकेंगे और मेडिकल टीम की निगरानी में



रहेंगे। बीसीसीआई के मुताबिक शुभमन गिल टीम के साथ दिल्ली की यात्रा नहीं करेंगे। गिल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे और अब दिल्ली में 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। विश्व कप के अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की है। मैच में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अस्वस्थ होने के चलते नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह ईशान किशन को मौका दिया गया था। ईशान मैच में पूरी तरह फ्लॉप रहे थे। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए थे।

### ट्रोलिंग पर बोले KL Rahul - मैं समझ नहीं पा रहा था कि मेरे प्रदर्शन की आलोचना क्यों हो रही है

**चेन्नई।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल ने स्वीकार किया कि उनकी लगातार आलोचना उनके लिए पीड़ादायक थी और वह हैरान थे क्योंकि उनका प्रदर्शन उतना खराब नहीं था। मई में आईपीएल के दौरान चोटिल होने के कारण महीनों तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे राहुल ने पिछले महीने एशिया कपके दौरान टीम में वापसी की जहां वह टीम के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। राहुल ने कहा कि काफी आलोचना हो रही थी, लोग प्रत्येक मैच और स्थिति में मेरे प्रदर्शन पर टिप्पणी कर रहे थे। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों हो रहा था क्योंकि मेरा प्रदर्शन उतना खराब नहीं था, यह काफी पीड़ादायक था।

## सुल्तान जोहोर कप-2023 के लिए 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को 27 अक्टूबर से खेले जाने वाले 11वें सुल्तान जोहोर कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी उत्तम सिंह के हाथों में है। यह टूर्नामेंट मलेशिया के जोहोर में 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक खेला जाएगा। हॉकी इंडिया के अनुसार, 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में पिछले संस्करणों में प्रदर्शित पारंपरिक 6 टीमों के बजाय इस बार 8 टीमें शामिल होंगी। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन हैं। भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा कि चयन समिति ने 11वें सुल्तान जोहोर



कप 2023 में प्रतिस्पर्धा करने और सफल होने के लिए एक अच्छी और संतुलित टीम बनाने में पिछले सभी टूर्नामेंटों को ध्यान में रखा है। हम उन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और मौका देने पर विचार कर रहे हैं जिनके पास प्रतिद्वंद्वी से बेहतर प्रदर्शन करने का कौशल है। कप्तान उत्तम सिंह ने टूर्नामेंट के लिए अपने इरादे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरी टीम कड़ी मेहनत कर रही है और जो लोग पिछली बार टीम में नहीं थे, उन्होंने भी अपने प्रदर्शन में सुधार किया है। इससे टीम के समग्र स्तर में सुधार हुआ है।

**भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम इस प्रकार है-**

गोलकीपर - मोहिथ एच एस, रणविजय सिंह यादव।

डिफेंडर्स - अमनदीप लकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, आमिर अली, योगेम्बर रावत।

मिडफील्डर्स - विष्णुकांत सिंह, पूवन्ना सी बी, राजिंदर सिंह, अमनदीप, सुनीत लकड़ा, अब्दुल अहद।

फॉरवर्ड्स - उत्तम सिंह, अरुण सहनी, आदित्य लालगे, अंगद बीर सिंह, गुरजोत सिंह, सतीश बी।

## विराट कोहली ने अरुण जेटली स्टेडियम से जुड़ी यादें कीं ताजा, कहा- वहीं से सबकुछ शुरू हुआ

**नई दिल्ली।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में अपना पहला मैच जीतने के बाद भारतीय टीम दूसरा मैच बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने उतरेगी। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। यह स्टेडियम भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एवं स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का होम ग्राउंड है। यहीं से उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। बुधवार को यहां मैच से पहले कोहली ने इस मैदान को लेकर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। उन्होंने कहा कि यह वह स्टेडियम है, जहां मैं आयु-समूह क्रिकेट और रणजी क्रिकेट खेलते हुए बड़ा हुआ हूं। मैं यहां भारत के लिए खेला। वो यादें आपके दिमाग में ताजा रहती हैं। उन्होंने कहा कि वापस जाना और अरुण



जेटली स्टेडियम में खेलना विशेष है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में केएल राहुल के साथ अपनी साझेदारी पर चर्चा कर रहे थे।

वीडियो में केएल राहुल विराट से पूछते हैं कि यह आपके लिए घर वापसी की तरह है। हम दिल्ली जा रहे हैं। मुझे यकीन है कि आपके लिए यह बहुत खास बात है, जहां आप बड़े हुए हैं। आपके नाम का वहां पवेलियन भी है। आपकी कैसी भावना है।

कोहली ने कहा कि आप इसे महसूस कर सकते हैं, क्योंकि वहीं से सब कुछ शुरू हुआ। चयनकर्ताओं ने आपको पहली बार देखा और मौका दिया। उन्होंने कहा कि हम भी मैदान में अभ्यास करते थे और मुख्य मैदान में रणजी टीमों को अभ्यास करते देखते थे। विराट ने आगे कहा कि मेरे लिए अपने नाम पर बने पवेलियन के सामने खेलना थोड़ा अजीब है। मैं इस बारे में ज्यादा बात करना पसंद नहीं करता लेकिन यह एक बड़ा सम्मान है और मैं इसके बारे में खुश और आभारी महसूस करता हूं। यह कुछ ऐसा है, जिसे मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे साथ ऐसा होगा।

## 128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी तय, 2028 के खेलों में शामिल करने की हो सकती है घोषणा

**नई दिल्ली।** क्रिकेट को 128 साल बाद ओलंपिक में शामिल किए जाने की तैयारी कर ली गई है। 2028 के लॉस एंजिलस ओलंपिक में क्रिकेट शामिल होगा। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट के साथ फ्लैग फुटबाल, बेसबाल, सॉफ्टबॉल को भी शामिल किया जाएगा। मुंबई में 15 अक्तूबर से होने वाले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र में क्रिकेट का शामिल होना तय 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जहां इंग्लैंड और फ्रांस स्वर्ण पदक के लिए भिड़े थे। हालांकि, लंबे समय से क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की कोशिशें चल रही हैं, लेकिन ऐसा संभाव नहीं हो पाया। दरअसल, आईओसी क्रिकेट की लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए भारतीय उपमहाद्वीप के बाजार को भुनाने की कोशिश करेगा। इसके लिए पुरुष और महिला टी-20 क्रिकेट को



के पेरिस ओलंपिक में प्रसारण अधिकार 158.6 करोड़ रुपये के मुकाबले 2028 में 1525 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

**आईसीसी ने जताई खुशी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने लॉस एंजिलस 28 आयोजन समिति (ओसी) की ओर से ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने की सिफारिश पर खुशी जाहिर की है। आईसीसी चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने ने क्रिकेट को इन खेलों की सूची में शामिल किया है। उन्होंने इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए आईओसी के पास भेजा है। हमें भारत में होने वाले आईओसी सत्र का इंतजार है।

**एशियाड में दो स्वर्ण जीतकर आया है भारत**

महिला टी-20 क्रिकेट को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में और पुरुष के साथ महिला टी-20 क्रिकेट को हांगझोऊ एशियाई खेलों मे

# टांडा बरूड़ में पगड़ी कार्यक्रम में समाज को 2500 / दान स्वरूप दिए



**खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

कहते हैं एक दिन दुनिया छोड़कर सबको जाना है यह सभी जानते हैं दुनिया छोड़कर जाने के बाद अपना हरा भरा परिवार समाज को छोड़कर जाने के बाद अपनी याददाश्त छोड़कर चले जाते हैं लेकिन समाज में सभी समाज अच्छा काम करते जिस घर से शव यात्रा निकल कर अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट पर लेकर जाते हिन्दू रिति रिवाज से अंतिम संस्कार किया जाता है इसी प्रकार ग्राम टांडा बरूड़ में श्री सुर्य वंशी कुमरावत तंबोली समाज बरूड़ में श्री पांची लाल जी कुमरावत की धर्मपत्नी रूपेश भंया की माता जी स्वर्गीय श्रीमती कमला बाई की स्मृति में पगड़ी कार्यक्रम में परिवार की ओर से तंबोली समाज बरूड़ को 2500 रूपए धर्मशाला में पंखे हेतु दान स्वरूप दिए

## मजदूर आदमी अज्ञात व्यक्ति द्वारा हुआ ठगी का शिकार



**मुंगावली -दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय**

-मामला मुंगावली तहसील का है। उक्त प्रार्थी 29. 9.2023 को बस से इंदौर जा रहा था तभी एक अज्ञात व्यक्ति मिला और जिसको वल्लभ भवन में श्रम विभाग में कार्यरत होने का दावा किया। बातचीत आगे बड़ी तो महेंद्र रैकवार ने एक संबल योजना के तहत सहायता राशि न डालने की बात कही थी। कहा कि आप भोपाल आ जाओ मैं आपकी राशि डलवा दूंगा से आधार कार्ड पैन कार्ड पासबुक की फोटो कॉपी मांगी। अगले दिन भोपाल जाकर अपने पूरे डॉक्यूमेंट और ?5000 दिए। कुछ दिन बाद फोन लगाया गया अज्ञात व्यक्ति का फोन स्विच ऑफ बताया गया।

# किसानों को किचन गार्डन के रूप निशुल्क वितरण किए गए टमाटर और मिर्च के पौधे

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

मेहगांव। क्रॉप प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (लघु कृषक व्यापार संघ कृषि मंत्रालय भारत सरकार द्वारा) के सी. ई .ओ. हनुमत सिंह द्वारा टमाटर और मिर्च के पौधे कंपनी के सदस्यों एवं किसानों को किचन गार्डन के रूप में किसानों को वितरण किए गए किसान के नाम जितेंद्र सिंह नरवरिया, सत्यनारायण, जगदीश प्रसाद, रविंद्र सिंह, हरी नागर , सोनू, नीरज, हरिशंकर , धर्मेंद्र, जनक सिंह




जनक, देवेंद्र निगम, आकाश आकाश, अन्य किसानों को निशुल्क विवरण किया इस एफपीओ के सदस्य भी बन जा सकता है सदस्य बनकर खाद बीज जैविक खाद जैविक खाद अन्य सरकार की योजना के तहत चल रही किसानों तक पहुंचाने का कार्य करता है जैसे की फसल बीमा, मिट्टी परीक्षण, मंडी के भाव, मौसम की जानकारी, बीज में गुणवत्ता की जानकारियां मौसमी फल पौधों को लगाकर अधिक किसान लाभ कमा सकता है कंपनी द्वारा मीटिंग संगोष्ठी ग्रुप बनाकर कार्य कर रहे हैं।

# जिला दण्ड़डाधिकारी ने जिले के सभी शस्त्र लायसेंस किए निलंबित

**दैनिक पुष्पांज़ली टुडे**

## सभी शस्ड़त्र धारक तीन दिनों के भीतर संबंधित थाने में अपने शस्त्र जमा कराएं

आदेश का उल्लंघन करने पर होगी शस्त्र अनुज्ञप्ति निरस्त एवं दण्डात्मक कार्यवाही





**भिण्ड ।** कलेक्ड़टर एवं जिला दण्ड़डाधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 स्ड़वतंत्र, निष्ड़पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढ़ंग से सम्ड़पन्ड़न कराने के लिए जिले के सभी प्रकार के शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से 05 दिसम्बर 2023 तक निलंबित कर दिए हैं। जिला दण्डाधिकारी ने कहा है कि सभी शस्ड़त्र धारकों को अपने शस्ड़त्र तीन दिनों के भीतर संबंधित थाने में जमा कराना होंगे। तीन दिनों के भीतर थाने में शस्ड़त्र जमा नहीं करने पर लायसेंस निरस्ड़त कर दिए जाएंगे। यह आदेश माननीय न्यायालय के न्यायाधीश, निर्वाचन कार्य में संलग्न प्रशासनिक अधिकारी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सुरक्षा बल/सुरक्षागार्ड पर लागू नहीं होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति की शस्त्र अनुज्ञप्ति आयुध अधिनियम की धारा 17 के अन्तर्गत निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही आयुध अधिनियम, भारतीय दण्ड सहिंता तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत भी दण्डात्मक कार्यवाही पृथक से प्रचलित की जायेगी।

# वनरक्षकों ने ट्रेक्टर जप्त कर ड्राइवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** 11 अक्टूबर 2023 को परिसर रक्षक सिकहाटा पवन आर्य को गश्ती के दौरान सुबह 11.30 बजे एक सोनालिका नीले रंग का ट्रेक्टर बीट सिकहाटा के कक्ष क्रमांक आर 68 में अतिक्रमण कर बुवायी कार्य करता पाया गया ,वनरक्षक पवन आर्य ने तुरंत इसकी सूचना परिक्षेत्र अधिकारी भिंड वसंत शर्मा को दी। सूचना प्राप्त होते ही परिक्षेत्र अधिकारी भिंड दल बल के साथ मौक़ा स्थल पर 12 बजे पहुँचे , मौक़ा स्थल पर ट्रेक्टर का चारों ओर से घेराव करने पर ट्रेक्टर चालक श्याम



सिंह बघेल निवासी ग्राम सिकहाटा द्वारा गाली गलौच एवं जान से मारने कि धमकी देते हुए शासकीय वाहन बोलेरो में टक्कर मारके वहाँ से जंगल के रास्ते दौनियापुरा की ओर भागने लगा लगभग 5 किलोमीटर पीछा करने के उपरांत खुद को घिरा पाकर ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर छोड़कर भाग गया जिसे जप्त कर वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया एवं ट्रेक्टर चालक के विरुद्ध विभिन्न धारायो के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज करवायी गई। उक्त करवायी में परिक्षेत्र सहायक संजय तिवारी ,वनरक्षक सुभाष, पवन, दुर्गेश,धर्मेंद्र, प्रदीप, शिवप्रताप, विजय,नारायण दूबे,सूर्य प्रताप सेंगर,सुनील,ज्योति आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# जिला पंचायत सीईओ ने स्वीप गतिविधि अंतर्गत मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शपथ दिलाई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** किसी भी राष्ट्र की धुरी युवा होता है और युवाओं से राष्ट्र की पहचान होती है, इसी प्रकार आप यदि मतदान के लिए लोग जागरूक हो जाएं समाज को एक अच्छा नेतृत्व कर्ता मिल सकता है। उक्त बात जिला पंचायत सीईओ मनोज सरियाम राजीव गांधी स्टेडियम में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में कही इस अवसर पर स्वीप अंतर्गत चयनित यूथ आइकॉन खेल प्रशिक्षक एवं मोटीवेटर राधेगोपल यादव, कोच शिवम तोमर, मोनू राजावत, राहुल कुशवाह, शशि एवं भूरी तथा वंदना श्रीवास सहित मनासा पाल सहित अन्य युवा उपस्थित थे।स्टेडियम प्रांगण में आयोजित गतिविधि में जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जिले में निर्वाचन हेतु आदर्श आचार संहिता लग चुकी है ऐसे में हम सबका दायित्व है कि



अधिक से अधिक मतदान हो सके इस हेतु लोगों को प्रेरित करें। उसी तारतम्य में यूथ आइकॉन राधेगोपाल यादव के नेतृत्व में हम सभी आज एकजुट हुए हैं। आपसे अनुरोध है कि आप इस पुण्य कार्य में सहभागी हों। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ ने सभी को मतदान करने और मतदान प्रतिशत बड़ाने हेतु शपथ दिलाई।श्री राधे गोपाल यादव ने कहा कि भिण्ड में चुनाव के वक्त अक्सर जातिगत विभाजित होते हैं यह नहीं होना चाहिए भिण्ड की पहचान सीमा पर तैनात जवान के रूप में होती है यहां से विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भिण्ड का नाम रोशन किया है। आज भिण्ड से कई बच्चे कलेक्टर सहित और कई बड़े-बड़े पदों पर सुशोभित हैं। अब वक्त आ गया है हमें निर्भीक होकर बिना किसी लालच और जातिगत भेद को भूलकर मतदान करना चाहिए। आओ आज मिलकर शपथ लें हम भिण्ड में निष्पक्ष मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करेंगे। इस दौरान श्री यादव ने सम्पूर्ण जिले में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत अधिक से अधिक मतदाता जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए जाने, व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील भी की।

# जिले में 18 नये मतदान केन्द्र बनाये गये

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम की घोषण के साथ ही जिले में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत निर्वाचन प्रक्रिया व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न करने के लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत मतदाताओं को मतदान के लिए अधिक दूरी तय नहीं करना पड़े इसीको दृष्टिगत रखते हुए जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या बड़ाई गई है। और मतदान केन्द्रों पर व्यवस्थित की गई है। इसी के तहत जिले में 18 नवीन मतदान केन्द्र गठित किये गये है।

**विधानसभावार नवीन मतदान केन्द्र**-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिले नवीन गठित मतदान केन्द्रों में के 156-बुधनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नवीन मतदान केंद्र क्रमांक 14 प्राथमिक शाला भवन कोसमी, 157-आष्टा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 19 प्राथमिक शाला पलासी, मतदान केंद्र क्रमांक 205 प्राथमिक शाला हामिद खेड़ी, मतदान केंद्र क्रमांक 270 प्राथमिक शाला दीपा खेड़ी नवीन मतदान केन्द्र बनाये गये है। इसी प्रकार इछावर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत मतदान केंद्र 12 प्राथमिक शाला भवन सेमली कला, मतदान केंद्र 57 प्राथमिक शाला भवन सारंगखेड़ी, मतदान केंद्र क्रमांक 102 शासकीय प्राथमिक शाला भवन रलावती, 151 प्राथमिक शाला भवन घेघी, मतदान केंद्र क्रमांक 243 शासकीय प्राथमिक शाला भवन मोहनपुरनौआबाद और मतदान केन्द्र क्रमांक 244 शासकीय प्राथमिक शाला भवन खेजड़ा को नवीन मतदान बनाये गये है।

**नवीन मतदान केन्द्रों की श्रृखला के तहत 159-** सीहोर विध्फानसभा क्षेत्र अर्न्तगत मतदान केंद्र क्रमांक 2 प्राथमिक शाला भवन वरनावद, मतदान केंद्र क्रमांक 8 प्राथमिक शाला भवन मगरदीकलां, मतदान केंद्र क्रमांक 35 शासकीय प्राथमिक शाला भवन बिलोदिया, मतदान केंद्र क्रमांक 69 सामुदायिक भवन बैरागढ़खुमान, मतदान केंद्र क्रमांक 71 माध्यमिक शाला भवन बमुलियापूरा, मतदान केंद्र क्रमांक 76 शासकीय प्राथमिक भवन पठार रावनखेडा, मतदान केंद्र क्रमांक 103 प्राथमिक शाला तकिया अतिरिक्त कक्ष और नवीन मतदान केंद्र क्रमांक 122 प्राथमिक शाला नरेला को नवीन मतदान केन्द्र बनाये गये है।

**मतदान केन्द्र की कार्ययोजना**-भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार निर्वाचन प्रक्रिया युद्ध स्तर पर प्रारंभ हो गई है इसी के तहत मतदान केंद्र की कार्य योजना भी बनाई गई है जिले के चारों विधानसभा में क्रिटिकल मतदान केंद्र 307, और वल्नरेबल मतदान केंद्र 17, वेबकास्टिंग के लिए चयनित मतदान केंद्र 585, वीडियोग्राफी के लिए चयनित मतदान केंद्र 90, मतदान केंद्र पर माइक्रो आब्जर्वर की नियुक्ति 274, केवल महिला मतदान दल के द्वारा मतदान के लिए चयनित मतदान केंद्र 70, दो महिला मतदान कर्मियों के लिए चयनित मतदान केंद्र 292, दिव्यांग मतदान दल के लिए चयनित मतदान केंद्र 4 और मॉडल मतदान चयनित मतदान केन्द्र 66 बनाये गये है।

**विधानसभावार रिटर्निंग ऑफिसर**-156-बुधनी विधानसभों के लिए रिटर्निंग ऑफीसर श्री राधेश्याम बघेल बुधनी और 157-आष्टा विधानसभा के लिए रिटर्निंग ऑफीसर श्री आनंद सिंह आष्टा, 158- इछावर विधानसभा के लिए रिटर्निंग ऑफीसर श्री जमील खान इछावर, तथा 159- सीहोर विधानसभा के लिए रिटर्निंग ऑफीसर श्री नितिन टाले सीहोर होंगे।

# विज्ञापन प्रमाणन के लिए राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा विज्ञापन प्रमाणन के लिए राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजेश कौल अध्यक्ष होगें। राज्य की राजधानी में स्थित किसी भी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का रिटर्निंग ऑफिसर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय से एक विशेषज्ञ जो प्रथम श्रेणी अधिकारी के पद से अनिम्न श्रेणी का हो उप निदेशक सीबीसी श्री शारिक नूर एवं एक मध्यस्थ सोशल मीडिया विशेषज्ञ जो मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्धारित योग्यता अनुसार उप संचालक जनसम्पर्क श्री सुनील वर्मा को सदस्य बनाया गया है। समिति द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के पिर्देशानुसार राजनैतिक दलों,संगठनों,व्यक्तियों के समूहों एवं संधों द्वारा दिए गए आवेदनों के आधार पर विज्ञापन के पूर्व प्रमाणकरण का कार्य करेगी।

# सहायक उपनिरीक्षक एच एल अनुरागी का छतरपुर हुआ स्थानांतरण,पुलिस कर्मियों ने दी भावभीनी विदाई




**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

लगभग 2 वर्षों से देवेंद्र नगर थाने में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक एच एल अनुरागी का बीते दिनों छतरपुर जिले में स्थानांतरण हो गया था लेकिन प्रशासनिक व्यस्तताओं के चलते उन्हें तत्काल रवानगी न देते हुए कल सुबह नवागत थाना प्रभारी दीक्षित की उपस्थिति में नगर के पुलिस कर्मियों द्वारा फूलमालाओं के साथ मुंह मीठा करा कर भाव भीनी विदाई दी गई। अनुरागी जी का स्वभाव एक नरम मिजाज पुलिस कर्मी का रहा,नगर वासियों के प्रति उनके अच्छे स्वभाव और अपनी उत्कृष्ठ कार्यशैली के लिए उनके कार्यकाल हो हमेशा याद रखा जाएगा।नवागत थाना प्रभारी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना व्यक्त करते हुए उन्हें एक अच्छा और सच्चा पुलिस कर्मी कहकर महोबल बढ़ाया

## थाना सुभाषपुरा द्वारा 315 बोर का देशी कट्टा ,03 जिन्दा राउण्ड मय मोटर साईकिल सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**अनिल कुशवाह पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी-दिनांक 11.10.2023 को पुलिस अधीक्षक महोदय शिवपुरी रघुवंश सिह , श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी महोदय सुजीत भदौरिया द्वारा अवैध शराव एवं अवैध हथियारो की धरपकड की जाने वाली कार्यवाही के निर्देश दिये थे निर्देशो के पालन में उनि कुसुम गोयल थाना प्रभारी सुभाषपुरा द्वारा लगातार मुखबिर से सपर्क रखते हुये घटना स्थल बरकेश्वर मंदिर गोपालपुर रोड थाना सुभाषपुरा जिला शिवपुरी से दौराने वाहन चैकिग एक 315 बोर का देशी कट्टा , 03 जिन्दा राउण्ड मय मोटर साईकिल क्रमाक स्च्क07-रू1713 के आरोपी नरेश धाकड पुत्र श्री प्रीतम सिंह धाकड उम्र 38 साल निवासी ग्रमा ककेटा थाना मोहना जिला ग्वालियर को गिरफ्तार किया गया थाना हाजा पर अपराध कायम किया गया। उक्त कार्यवाही मे निम्माकिंत फोर्स की अहम भूमिका रही ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सुभाषपुरा उनि कुसुम गोयल,सउनि शेख शकील खांन, प्रआर 197 अभय सिंह, आर 619 पवन कुमार, आर 274 धर्मेन्द्र शर्मा ,आर 419 देवेन्द्र धाकड,आर 440 राधाक्रष्ण धाकड की अहम भूमिका रही ।

## विजिल एप से आयोग रखेगा आचार संहिता के उल्लंघन पर नजर

# नागरिक आचार संहिता उल्लंघन के किन्ही भी मामलों की सी-विजिल एप से दे सकेंगे जानकारी

**आदर्श चुनाव आचरण संहिता लागू होते ही सक्रिय हो गया एप**

**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में आचार संहिता के उल्लंघन की सी-विजिल एप के माध्यम से कोई भी नागरिक जानकारी दे सकेगा। जानकारी मिलते ही आयोग द्वारा उस पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं वरिष्ठ आईएएस श्री अनुपम राजन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 में निर्वाचन संबंधी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए सी-विजिल (ष्ङ्कद्बद्दद्बद्धरु) मोबाइल एप को तैयार कराया गया है। इस एप के माध्यम से कोई भी नागरिक निर्वाचन में आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन संबंधी किसी भी घटना का फोटो-वीडियो तैयार कर अपनी शिकायत भेज सकता है। प्राप्त शिकायत की त्वरित जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री राजन ने बताया कि आचार संहिता 9 अक्टूबर से लागू होते ही यह एप सक्रिय हो गया है और 100 मिनट के अंदर शिकायत का निराकरण किया जाएगा।

मोबाइल प्ले स्टोर पर जाकर डाउनलोड करना होगा सी-विजिल एपसी-विजिल एप का उपयोग करने के लिए किसी भी नागरिक को सबसे पहले अपने एंड्रायड मोबाइल के प्ले स्टोर या एप्पल मोबाइल के एप स्टोर पर जाकर डाउनलोड करना होगा। कोई भी नागरिक घटनास्थल से 20 मीटर के अंदर से ली गई फोटो अपलोड कर सकता है। 5 मिनट के अंदर किसी भी नागरिक को सी-विजिल एप पर फोटो अपलोड करनी होगी।

**ऐसे कार्य करेगा यह एप**-सी-विजिल एप के माध्यम से शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत सर्वप्रथम जिला शिकायत कंट्रोलर (डीसीसी) के पास जाएगी। इसके बाद जिला शिकायत कंट्रोलर द्वारा यह शिकायत प्रारंभिक जांच उपरांत सही होने पर एफएसटी (फ्लाईंग स्क्वॉड टीम) के पास भेजी जाएगी। जांच टीम द्वारा शिकायत की जांच कर कार्रवाई करने के उपरांत यथा-स्थिति का प्रतिवेदन निराकरण अधिकारी को भेजा जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा जांच प्रतिवेदन के आधार पर आवश्यक दिशा-निर्देश का प्रतिवेदन संबंधित जांच टीम एफएसटी एवं जिला शिकायत कंट्रोलर को प्राप्त होगा

## शिवपुरी पुलिस की बड़ी कार्यवाही

# अवैध अंग्रेजी शराब की 29 पेटी जप्त कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**अनिल कुशवाह पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस अधीक्षक शिवपुरी रघुवंश सिहं भदौरिया द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए अवैध शराब, अवैध हथियार, अवैध मादक पदार्थ के परिवहन एवं विक्रय को रोकन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय व्दारा समय समय पर थाना प्रभारियो को कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया जाता है जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मूले एंव नगर पुलिस अधीक्षक संजय चतुर्वेदी के



निर्देशन में आज दिनांक 11.10.23 को थाना कोतवाली को एबी रोड कठमई तिराहा के पास दो व्यक्तियो व्दारा अवैध अंग्रेजी शराब विक्रय करने की फिराक में खडे हुये है की सूचना प्राप्त हुयी, सूचना की तस्दीक पर से थाना कोतवाली व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए कोतवाली टीआई विनय यादव व्दारा टीम बनायी जाकर कठमई तिराहे पर कार्यवाही करने पहुचे जहाँ दो व्यक्ति पुलिस को आता देख भागने लगे, उक्त दोनो व्यक्तियो को हमराही पुलिस की मदद से घेरकर पकडा तो दोनो आरोपीगण के कब्जे से 29 पेटी अंग्रेजी शराब कीमती करीबन 2 लाख 5 हजार रुपये की पकडी बाद आरोपीगण के विरुद्ध म.प्र. आबकारी अधीनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया ।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली विनय यादव, उनि अभिमन्यु राजावत, उनि0 सुमित शर्मा, प्र0आर0 142 नरेश यादव, प्र0आर0 रघुवीर पाल, आर0 भूपेन्द्र यादव, आर0 महेन्द्र तोमर, आर0 भोला ठाकुर, आर0 अजीत राजावत आर.631 अजय यादव, आर0 शिवांशु यादव, आर0 टिकू सिंह, आर0 कुलदीप चतुर्वेदी आर. 265 देवेन्द्र रावत, आर0 चालक रामजीलाल की विशेष भूमिका रही ।

# ग्वालियर में 12 अक्टूबर को गुर्जरों का जेल भरो आंदोलन प्रशासन अलर्ट, कड़ी सुरक्षा में मिहिर भोज प्रतिमा

**ग्वालियर ।** गुर्जर महापंचायत के दौरान 25 सितंबर को शहर में उपद्रव के बाद अब 12 अक्टूबर को जेल भरो आंदोलन के आह्वान को लेकर ग्वालियर में भारी फोर्स की तैनाती की गई। आंदोलन को लेकर इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट के अलावा प्रशासन को पत्र भेजा है। राष्ट्रीय युवा गुर्जर स्वाभिमान संघर्ष समिति के लेटर हेड पर पत्र में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर के अलावा राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र भाटी के हस्ताक्षर हैं। दूसरे प्रदेशों से भी ग्वालियर के मेला मैदान में पहुंचकर गिरफ्तारी देने आने की बात कही गई।

**मिहिर भोज प्रतिमा को सुरक्षा घेरे में-** इससे निपटने के लिए पुलिस और प्रशासन ने शहर में कड़ी व्यवस्था के अलावा चिरवाई नाका स्थित मिहिर भोज प्रतिमा को सुरक्षा घेरे में रखा है। शहर के आउटर प्वाइंट से लेकर अंदर मेला मैदान और अलग-अलग इलाकों में बुधवार को दिनभर फोर्स लगी रहेगी। हालांकि गुर्जर समाज के स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कहा है कि वह लोग



आंदोलन में साथ नहीं है। कुछ बयान भी इंटरनेट मीडिया पर जारी हुए हैं।

**25 सितंबर को गुर्जर महापंचायत में** पहुंचा जीवाजी विश्वविद्यालय, अब अधिकारियों की बढ़ेंगी मुश्किलपहुंचा जीवाजी विश्वविद्यालय, अब अधिकारियों की बढ़ेंगी मुश्किलें25 सितंबर को ग्वालियर के फूलबाग मैदान में गुर्जर महापंचायत में देश के अलग-अलग हिस्सों से लोग आए थे। यहां आयोजन होने के बाद पूरे शहर में उपद्रव किया गया। कलेक्ट्रेट के अंदर घुसकर तोड़फोड़ की गई। पुलिस और प्रशासनिक अफसरों की गाड़ियों पर जमकर पथराव किया गया। इस मामले में पुलिस ने 7 एफआइआर दर्ज की थीं, 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया। 1 आरोपित पर रासुका लगाई गई है, उस पर पूर्व से आपराधिक प्रकरण दर्ज थे। इसके चलते रासुका की कार्रवाई की गई है।

**गिरफ्तारियां देकर विरोध प्रदर्शन करने का आव्हान-**इस उपद्रव के बाद हुई कार्रवाई के खिलाफ भीम आर्मी प्रमुख चंद्रशेखर और गुर्जर समाज के नेता रविंद्र भाटी सहित अन्य लोगों ने 12 अक्टूबर को मेला मैदान पहुंचकर गिरफ्तारियां देकर विरोध प्रदर्शन करने का आव्हान किया है। 25 सितंबर को उपद्रव हो चुका है, इससे सबक लेते हुए पहले ही सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

# ग्वालियर में सरपंच को गोलियों से भूना, गांव में सरपंच के स्वजनों ने आरोपितों के घर में लगाई आग

**ग्वालियर.।** ग्वालियर के आरोन स्थित बनहेरी गांव के सरपंच की गोलियों से बुनकर हत्या कर दी गई। सरपंच अपनी कर में सवार था। जबकि शूटर बाइक पर सवार होकर आए थे। बाइक पर दो शूटर सवार थे। इन्होंने ताबड़ तोड़ गोलियां चलाकर दिनदहाड़े बीच सड़क पर सरपंच की हत्या कर दी। उधर गांव में जैसे ही सरपंच विक्रम रावत की हत्या की सूचना पहुंची तो स्वजनों ने आरोपितों के घर में आग लगा दी। साथ ही फायरिंग करना शुरू कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी गांव में पहुंची। लेकिन पुलिस गांव में घुस नहीं पा रही है।बनहेरी से सरपंच विक्रम रावत ने ग्वालियर के कांति नगर में मकान बनाया हुआ है। विक्रम सुबह अपनी कार से निकला लोको रोड पर ही पहुंचा था सामने बाइक से आए शूटर ने गोलियों से भूनकर उसकी हत्या कर डाली। दीनदहाडे



हत्या से पूरे शहर में खलबली मच गई। इस मामले में बन्हेरी के जिन लोगों का नाम सामने आया है, उनके परिवार से लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसी विवाद के चलते डेढ़ साल पहले भी हत्या हुई थी।

# जीवाजी विश्वविद्यालय,में अब अधिकारियों की बढ़ेंगी मुश्किलें

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त झुंडपुरा गांव का एक ऐसा कॉलेज जो 12 सालों से सिर्फ कागजों में चल रहा है, उसकी जांच के लिए अब




ईओडब्ल्यू खुद जेयू जा पहुंचा है। वहां इस बात का पता किया जा रहा है कि संबद्धता देने में किस तरह की गड़बड़ हुई थी, कॉलेज वहां अस्तित्व में था भी या नहीं । माना जा रहा है कि आगामी दिनों में जेयू के अधिकारियों को भी ईओडब्ल्यू जा कर अपने बयान दर्ज करवाने पड़ सकते हैं ।बता दें की जेयू ने भी इस मामले में जांच करने के लिए एक कमेटी बनाई थी, जिसमे मुरैना के एसडीएम, मुरैना पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल और जेयू से एक प्रोफेसर शामिल थे।लेकिन उन्होंने मामले की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। यानी मामले में इतने संगीन आरोप लगाए जाने पर भी जेयू इस मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है।बता दें की इस मामले का शिकायतकर्ता और उस कॉलेज का कथित प्राचार्य अरुण शर्मा पिछले लंबे समय से जीवाजी यूनिवर्सिटी में एक मानसेवी शिक्षक के तौर पर काम करते थे । पिछली 10 अगस्त को इन्हे जीवाजी विश्वविद्यालय ने नौकरी से निकाल दिया है । इसके पीछे का कारण ये रहा की हाल ही में झुंडपुरा के शिवशक्ति कॉलेज में प्रिंसिपल के पद पर अरुण का काम करना बताया जा रहा था लेकिन अरुण इस बात से इंकार कर रहे है। इसको ले कर उन्होंने जेयू को कई बार शिकायत भी दी है। एसपी से मुलाकात कर अपनी शिकायत भी दर्ज कराई है। लेकिन इस मुद्दे को इसके अलावा निष्पक्ष जांच की भी मांग की है।अरुण शर्मा का कहना है कि वह पिछले लंबे समय से जेयू से इस मामले की शिकायत देकर निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है लेकिन जेयू ने बजाय मामले की जांच कराने के उस प्राचार्य से ही दस्तावेज मांग लिए। जिस पर नाराजगी जताते हुए अरुण शर्मा ने एसपी से मुलाकात कर मामले में निष्पक्ष कार्यवाही करने की मांग की है।

# चार महानगर में सबसे शुद्ध वायु ग्वालियर की



**ग्वालियर.** प्रदेश में सबसे शुद्ध वायु ग्वालियर की है। ग्वालियर में वायु गुणवत्ता यनि एयर क्वालिटी इंडेक्स 102 है। जबकि अन्य महानगरों की बात करें तो सबसे खराब वायु भोपाल की है। ग्वालियर में पिछले कुछ महीनों से वायु गुणवत्ता में लगातार सुधार हुआ है। उसका कारण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों का प्रशासन द्वारा पालन कराना बताया जा रहा है। दूसरा शहर में टेंपो, टैक्सी के स्थान पर ई रिक्सा का प्रचलन बढ़ा है। इसके साथ ही सड़कों को डस्ट फ्री करने की दिशा में लगातार किए जा रहे प्रयास भी बेहद कारगार साबित हो रहे हैं।इसके साथ ही बारिश के मौसम में सड़क से उठने वाली डस्ट और धुआं दोनों ही जमीन पर रहे हैं। इन्हीं सब कारणों के चलते शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है। हालांकि बारिश समाप्त होने पर अब फिर से एक बार प्रदूषण के आंकड़ों में इजाफा होने लगा है फिर भी चार महानगरों में सबसे पीछे हैं।

# साहित्य कला परिषद द्वारा पुस्तकों का हुआ विमोचन एवं साहित्यकार हुए सम्मानित

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** गत दिवस दिनाक 8 अक्तूबर रविवार को ग्वालियर साहित्यकला परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.रमेश कटारिया पारस ने पुराने हासिकोर्ट के सामने मैना वाली गली में एडवोकेट अशोक खेड़कर के निवास स्थान पर स्थित कांफ्रेंस हाल में एक भव्य साहित्यिक आयोजन में काव्य संकलन, ऐसी छेड़ी तान गुरु और रमेश कटारिया पारस जी द्वारा संपादित अखिल भारतीय गज़ल संग्रह इक्कीसवीं शताब्दी के श्रेष्ठ गजलकार , और हरदोई से पधारी कवयित्री सीमा नयन जी की पुस्तक अल्फाज ए नयन का भव्य लोकार्पण हुआ और इस आयोजन में संकलन में भागीदार सभी गजलकारो को पुस्तकों के साथ कंठहार,गोल्ड मेडल, इक्कीसवीं शताब्दी के श्रेष्ठ गजलकार समान और लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड , एवम अवार्ड ऑफ़ एक्सिलेंसी प्रदान कर और डिग्री गाउन पहना कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ भगवान स्वरूप चैतन्य ने की ।मुख्य अतिथि रायपुर से आए शब्द प्रभात पत्रिका के संपादक ए बी दुबे और विशिष्ट अतिथि डॉ.कमलेश कटारिया कमल, संस्था की उपाध्यक्ष, ने और उर्वी ऊदल, डॉ. सुख देव सिंह सेंगर ,और ऊषा सिकरवार, संजय जैन दिल्ली ने मंच की शोभा बढ़ाई

इस भव्य आयोजन में दिल्ली मेरठ,कटनी,फगवाड़ा, झांसी, आगरासे




डा. राजेंद्र मिलन अशोक अश्रु सुशील सरित जी ने हरदोई, और गवालियर भिंड आदि कई शहरों से साहित्यकारों ने भाग लियाड़। इस कार्यक्रम का संचालन संस्था के अध्यक्ष डॉ.रमेश कटारिया पारस ने किया ।कार्यक्रम की भूमिका डॉ. सुखदेव सिंह सेंगर जी ने और पूरे आयोजन की समीक्षा डॉ.भगवान स्वरूप चैतन्य ने रोचक और सार्थक रूप में की इसके पश्चात स्वादिष्ट भोजन के पश्चात् खेड़कर जी ने सभी उपस्थित साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया । इस आयोजन में लगभग 60 कवियों कवयित्रियों का गाउन पहना कर और पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया एवम् सभी के काव्य पाठ के पश्चात चार घंटे बाद यह कार्यक्रम समाप्त हुआ।

# फिजीकल पुलिस ने पकड़ा मोटर साईकिले चोर 5 मोटर साईकिले की बरामद

**शिवपुरी-**दिनांक 09.10.2023 को तौफिक कुरैशी पुत्र नसीर कुरैशी उम्र 18 साल निवासी इन्द्रा कॉलोनी शिवपुरी ने अपनी मो.सा. हीरो होण्डा क्रमांक एमपी 33 बीए 0616 को अपने घर के सामने इन्द्रा कॉलोनी शिवपुरी से कोई अज्ञात चोर व्दारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट की थी, जिस पर थाना फिजीकल के व्दारा अप.क्र. 250/ 23 धारा 379 भादवि का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले, सीएसपी संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में थाना प्रभारी फिजीकल निरीक्षक रजनी सिंह चौहान को दिनांक 09.10.2023 को मुखबिर व्दारा सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम बनाकर संदेही धर्मेन्द्र गुर्जर पुत्र कल्याण गुर्जर उम्र 30 साल निवासी ग्राम भडीता थाना



कोलारस हाल सरकारी अस्पताल के सामने बदरवास शिवपुरी को संदेह के आधार पर छत्री कालोनी शिवपुरी से पकड़ा और उक्त स्थान से चोरी गई मो.सा. बरामद की गई । बाद सन्देही से हिकमत अमली से पूछताछ करने पर उसने पुलिस अभिरक्षा में स्वेच्छा से अलग अलग दिनांक में चार अन्य मो.सा. चोरी करना स्वीकार किया बाद आरोपी की निशानदेही पर अन्य चार मो.सा. जिसमें एक काले रंग की स्पेलण्डर प्लस जिसका चैचिस नम्बर ख्क्ष्ख्र्ङ्घ111ख्र्-क्ष्ठ2588 तथा एक कारे रंग की हीरो पेशन प्रो मो.सा. जिसका इंजन न. 97ष्ह्रख्र्छ्व8त्रक्र188 तथा एक काले लाल रंग की हीरो एच एफ डीलक्स जिसका चैचिस न. क्त/ष्23स्न17453 तथा एक काले लाल रंग की हीरो एच एफ डीलक्स जिसके इंजन नम्बर चैचिस नम्बर मिटाय गये है। अगली नम्बर प्लेट पर ख्क्ष्33 - 150 लेख है बरामद की गई।

**सराहनीय कार्यवाही-** निरीक्षक रजनी सिंह चौहान, सउनि अजय सिंह तोमर, प्र. आर. 110 सचेन्द्र श्रीवास्तव, प्र.आर. 486 सुशील जाट, आर. 897 शकील खाँन, आर. 68 विजय मीणा, आर. 1131 प्रेम सिंह, आर. 672 रिंकू शाक्य, आर. 755 पुष्पेन्द्र सिंह रावत की कार्यवाही रही।

# मृगवास मंडल में प्रियंका पेची ने किया जनसंपर्क

**रिपोर्टर -प्रतीश अग्रवाल पुष्पांजलि टुडे**

आज भारतीय जनता पार्टी की चाचौड़ा विधानसभा सीट से घोषित प्रत्याशी प्रियंका पैंची ने आज मृगवास मण्डल के अंतर्गत कांकरया, विसातपुरा, मोहम्मदपुर, बकान्या, भूमलाखेड़ी, मदागनमाफी, बटावदा आदि में जनसंपर्क किया द्ब इसी क्रम में उन्होंने गांव की समस्याएं जानी द्ब ग्रामीणजनों को केंद्र एवम राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी ग्रामीणों को जानकारी दी एवं योजनाओं से अवगत कराया द्ब जगह-जगह पर ग्रामीणों द्वारा उत्साह के साथ महिलाओं द्वारा प्रियंका पैंची का स्वागत भी किया गया द्ब इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरविंद माहेश्वरी,मंडल मंत्री गोकुल बैरागी, मंडल उपाध्यक्ष रमेश मीना, युवा मोर्चा मंडल मंत्री शिवराज मीना, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष गुड्डु शिवहरे, मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप बैरागी, ग्वालियर संभाग सोशल मीडिया प्रभारी



महामंत्री राजाराम गुर्जर, कोषाध्यक्ष संजय माहेश्वरी, बूथ समिति अध्यक्ष सोनू मीना बडखुआ, मंत्री पर्वत मीना,शक्ति केंद्र प्रमुख बाबूलाल खंडेलवाल, कार्यालय मंत्री रोडूलाल भील, युवा मोर्चा सुरेश सुमन, ब्रजमोहन मीना बकान्या,दिलीप मीना पैंची, नरेश मीना, सर्वेश मीना, मौजूद थे

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478